संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -107 शनिवार , 17 फरवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस के खातों से हटाया गया फ्रीज

#### आईटी ट्रिब्यूनल से कांग्रेस को बड़ी राहत,

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस पार्टी और यूथ कांग्रेस पार्टी के कई बैंक अकाउंट्स को डीफ्रीज कर दिया गया है।



बता दें कि इस मामले में कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने केंद्र सरकार पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गंभीर आरोप लगाए थे।अब पूर्व राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि आईएनसी इंडिया अब अपने खातों को आईटी विभाग के ग्रहणाधिकार के साथ संचालित कर सकता है। ये निर्देश माननीय आईटीएटी दिल्ली द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने आगे लिखा कि अंतरिम राहत की प्रार्थना पर बुधवार को सुनवाई होगी।

# संदेशखाली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प

## अधीर रंजन धरने पर बैठे...भाजपा बोली-पश्चिम बंगाल में गुंडा राज...



**कोलकाता,16 फरवरी 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल में नॉर्थ 24 परगना जिला स्थित संदेशखाली यौन उत्पीड़न मामले को लेकर बवाल जारी है। शुक्रवार (16 फरवरी) को भाजपा डेलिगेशन ने संदेशखाली जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उनके वापस लौटने के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी वहां पहुंचे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें भी संदेशखाली जाने से रोका। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। इसके बाद अधीर रंजन रामपुर में धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा- हम जानना चाहते हैं कि संदेशखाली की असली घटना क्या है? वास्तव में वहां क्या हुआ कि लोगों को वहां जाने से रोका जा रहा है?

कांग्रेस सांसद ने कहा संदेशखाली मामले को हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिक घटना के रूप में दिखाने की कोशिश हो रही है। ममता बहुत चतुराई से इसे बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। विधानसभा में कल उनके भाषण में ये स्पष्ट है। ममता बनर्जी को जवाब देना होगा। शाहजहां और उनके समर्थक सभी टीएमसी के प्रोडक्ट हैं।

### संदेशखाली जाने से रोकने पर बीजेपी टीम वापस लौटी

अधीर से पहले भाजपा की 6 सदस्यीय टीम को भी आज सुबह संदेशखाली जाने से रोका गया। टीम की संयोजक और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा- हम पीड़ित बहनों को न्याय दिलाना चाहते हैं। जितनी मुस्तैदी से हमें रोका गया,अगर उसी मुस्तैदी से आरोपियों को पकड़ा जाता तो ये दिन नहीं देखना पड़ता। शेख के गुंडे महिलाओं को प्रताड़ित कर रहे थे। वे न्याय की गुहार लगा रही थीं।भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि बंगाल में गुंडा राज की सरकार है। हमने संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से वीडियो कॉल पर बात की। जो महिलाएं हमसे बात कर रही थीं, उन पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। हम बंगाल के गवर्नर से मिलेंगे और उन्हें पूरी जानकारी देंगे। जेपी नड्डा ने को दो केंद्रीय मंत्री और 4 सांसदों की कमेटी का गठन किया था। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कमेटी की संयोजक हैं। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक और 4 भाजपा सांसद- सुनीता दुग्गल, कविता पाटीदार, संगीता यादव और बृजलाल सदस्य हैं। कमेटी अब नड्डा को संदेशखाली मामले में रिपोर्ट सौंपेगी।

### टीएमसी नेता पर महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

संदेशखाली में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और उसके साथियों पर यौन उत्पीड़न, हिंसा और जमीन हड़पने के आरोप लगाए हैं। एक महीने पहले श्वष्ठ ने राशन घोटाले में शाहजहां के ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान ईडी टीम पर हमला हुआ था। तब से शाहजहां फरार है। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया जा चुका है।शाहजहां की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संदेशखाली में पिछले एक हफ्ते से विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। 14 फरवरी को भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पीड़ितों से मिलने गए थे। इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प हुई। इसके बाद संदेशखाली समेत 7 ग्राम पंचायतों के 500 मीटर के दायरे में 19 फरवरी तक धारा 144 लागू है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने शुक्रवार (16 फरवरी) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संदेशखाली मामले पर रिपोर्ट सौंपीं।

# चंपई सरकार में शामिल हुए आठ नए मंत्री

- » हेमंत के भाई बसंत ने भी ली शपथ
- » कई पुराने चेहरे,कांग्रेस के 10 विधायक नाराज



**रांची,16 फरवरी 2024 (ए)।** झारखंड में चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नई सरकार के कैबिनेट का विस्तार किया गया है। शपथ लेने वालों में हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन और चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ को छोड़ सभी पुराने चेहरे हैं। शुक्रवार को शाम साढ़े चार से पांच बजे के बीच राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आठ मंत्रियों को शपथ दिलाई।

इसके साथ ही चंपई सोरेन सरकार में मंत्रियों की संख्या 11 हो गई है। शपथ लेने वालों में कांग्रेस के डॉ. रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता एवं बादल और झामुमो के मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, दीपक बिरुआ, मो. हफीजुल हसन और बेबी देवी शामिल हैं। इसके पहले 3 फरवरी को सीएम चंपई सोरेन के साथ कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली थी। पूर्व के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में शामिल रहीं जोबा मांझी को इस बार जगह नहीं मिल पाई है।

इस बार कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के चेहरे में बदलाव की चर्चा थी, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने पुराने चेहरों को ही रिपीट किया है। इससे पार्टी के बाकी विधायकों की नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। शुक्रवार को कांग्रेस के दस नाराज विधायकों ने सर्किट हाउस में बैठक कर अपनी नाराजगी का इजहार किया। वे पार्टी के तीनों पुराने मंत्रियों को हटाने की मांग कर रहे थे।

उन्होंने मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में जाने से इनकार कर दिया था, लेकिन बाद में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने उन्हें मनाकर समारोह में आने को राजी कराया। उन्हें कहा गया है कि उनकी मुलाकात कांग्रेस आलाकमान से कराई जाएगी। नाराज विधायकों में अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, रामेश्वर उरांव, रामचंद्र सिंह, भूषण बाड़ा, अनूप सिंह समेत अन्य शामिल हैं। झारखंड में अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं। शुक्रवार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों की संख्या 11 हो गई है। यानी 12 वें मंत्री का बर्थ खाली रखा गया है। हेमंत सोरेन की सरकार में भी 11 मंत्री ही थे।

# चुनाव आयोग के फैसले से शरद पवार नाखुश

## खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली,16 फरवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वो शरद पवार की याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। दरअसल, पवार ने हाल ही में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है। बता दें कि बीते दिनों आयोग ने डिप्टी सीएम अजीत पवार के गुट वाले एनसीपी को असली एनसीपी बताया था और उन्हें पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी आवंटित किया था। इस पर शरद पवार ने आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ से मांग की है कि वो इस मामले को सूचीबद्ध करें। सिंघवी ने कहा कि अगर इस सप्ताह के अंत में शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में शरद पवार गुट को पार्टी व्हिप के अधीन किया गया तो एक अजीब स्थिति पैदा हो जाएगी। उन्होंने कहा, हमारी स्थिति उद्धव ठाकरे से भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाएगी, क्योंकि अभी तक हमें कोई चुनाव चिन्ह आवंटित नहीं किया गया है।

अजित पवार को प्रतिवादी बनाने की याचिका शरद पवार ने 12 फरवरी को वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से दायर की थी। बता दें कि अजित पवार गुट पहले से ही इस मामले में कैविएट याचिका दाखिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत कोई भी फैसला करने से पहले इसे सुने। इसके बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचे। गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने अपने फैसले मे अजित पवार को असली शिवसेना बताया था। सनद रहे कि 2023 में शिवसेना में हुए विभाजन के बाद पैदा हुए सियासी बवाल पर अजित और शरद गुट की ओर से याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर बीते दिनों चुनाव आयोग ने अपना फैसला सुनाया था, लेकिन अब शरद पवार ने इस पर आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है।गौरतलब है कि गत जुलाई में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया था, इसके बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली सरकार के खेमे में शामिल हो गए, जहां उन्हें डिप्टी सीएम पद की जिम्मेदारी मिली। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से पार्टी और चुनाव चिन्ह पर दावा किया गया।

# बर्खास्त कर्मचारी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

## राज्य सरकार को दिए बहाल करने के निर्देश



**इलाहाबाद ,16 फरवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने जिला न्यायपालिका के उस चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सेवा में बहाल कर दिया है, जिसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के समक्ष सीधे अपनी समस्या रखने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब वित्तीय कठिनाई में होता है, सीधे वरिष्ठों के सामने अपनी बात रखता है, लेकिन यह अपने-आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है, जिसके लिए सेवा से बर्खास्तगी की सजा दी जानी चाहिए। यह मानते हुए कि जांच अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए अपराध का निष्कर्ष विकृत है, पीठ ने अपीलकर्ता को सभी लाभों के साथ सेवा में बहाल करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आक्षेपित फैसले के साथ-साथ 30 अप्रैल 2007 के आदेश को रद्द कर दिया जिसके तहत अपीलकर्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इससे पहले 2019 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपीलकर्ता की रिट याचिका को योग्यताहीन बताते हुए खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता -छत्रपाल-को बरेली जिला जजशिप में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी आधार पर नियुक्त किया गया था। बाद में उसका तबादला कर दिया गया और बरेली की एक बाहरी अदालत के नजारत में प्रोसेस सर्वर के रूप में तैनात कर दिया गया।

# कर्नाटक सरकार ने आवासीय स्कूलों व कॉलेजों में धार्मिक त्योहारों पर प्रतिबंध का आदेश किया रद्द

**बेंगलुरु,16 फरवरी 2024 (ए)।** विरोध का सामना करने के बाद, कर्नाटक सरकार ने सरकारी आवासीय स्कूलों और कॉलेजों में धार्मिक त्योहारों के उत्सव को प्रतिबंधित करने के अपने आदेश को रद्द कर दिया।



कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसायटी (के आर ई आई एस) ने पहले दिन में, समाज कल्याण विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले आवासीय स्कूलों और कॉलेजों के परिसरों में धार्मिक त्योहारों के उत्सव पर प्रतिबंध लगाने वाला एक सर्कुलर जारी किया। राज्य सरकार के आदेश की विपक्ष समेत विभिन्न वर्गों ने आलोचना की।

केआरईआईएस ने बाद में शाम को उस सर्कुलर को वापस ले लिया, जिसमें कहा गया था कि आवासीय सुविधाओं में केवल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय त्योहार और महान हस्तियों की वर्षगांठ मनाई जा सकती है। सर्कुलर में केवल गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, महात्मा गांधी जयंती, कन्नड़ राज्योत्सव, बी.आर. अंबेडकर जयंती, वाल्मिकी जयंती, कनकदास जयंती, बसव जयंती, संविधान दिवस और योग दिवस मनाने की अनुमति दी गई।

# स्वास्थ्य कर्मियों का अटैचमेंट खत्म होगा

## स्वास्थ्य मंत्री ने की घोषणा अटैचमेंट करना अनिवार्य हो तो विभागीय अनुमति जरूरी



**रायपुर,16 फरवरी 2024 (ए)।** आज विधानसभा में एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों का अटैचमेंट खत्म करने की बात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि ऐसी जानकारी मिली है कि बिना किसी कारण के ही दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं चिकित्सकों को अन्यत्र मनचाही जगहों पर अटैच किया गया है जिससे आम लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

जायसवाल ने कहा है कि यदि कहीं ऐसी विशेष परिस्थिति है जहां स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ की कमी है और अटैचमेंट करना अनिवार्य हो तो विभागीय अनुमति लेकर उसे जारी रखा जा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आम जनों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में अकारण ही अटैचमेंट जैसी व्यवस्था से दूरस्थ क्षेत्रों में स्टाफ की कमी से आम लोगों को परेशानी होती है जिसे खत्म करना आवश्यक है।

# छत्तीसगढ़ को मिलेगा पहला संस्कृत विश्वविद्यालय

## विधायक अजय चंद्राकर व्दारा पेश शासकीय संकल्प विधानसभा में पारित



**रायपुर,16 फरवरी 2024 (ए)।** आज विधानसभा में पूर्व मंत्री और कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने आज विधानसभा में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर एक अशासकीय संकल्प पेश किया जो कि विधानसभा में पारित हो गया है। जिसके बाद अब जल्द ही प्रदेश में पहले संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना हो सकेगी।छत्तीसगढ़ में संस्कृत की शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए एक बड़ी खबर निकलकर सामने आयी है। इन दिनों छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। जहां हर रोज अलग अलग विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हो रही है।दरअसल, पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयासों से आज शासकीय दूधाधारी राजश्री महंत वैष्णव दास स्त्राकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का अशासकीय संकल्प विधानसभा में पारित हो गया है। अब रायपुर स्थित संस्कृत महाविद्यालय छत्तीसगढ़ का पहला संस्कृत विश्वविद्यालय कहलाएगा।

# नरेश गोयल कैंसर पीड़ित

## इलाज के लिए मांगी अंतरिम जमानत



**मुंबई,16 फरवरी 2024 (ए)।** धन शोधन मामले में ईडी की हिरासत में जेल में बंद जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल कैंसर नामक गंभीर बीमारी पीड़ित हैं। जांच के दौरान डाक्टरों ने नरेश गोयल को कैंसर होने की पुष्टि की है। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष अदालत के समक्ष याचिका दायर कर 'धीमी गति से बढ़ते कैंसर' के उपचार के लिए अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया। अदालत ने गोयल की चिकित्सा रिपोर्ट की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का प्रारंभिक आदेश पारित किया क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा। पिछले महीने, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने गोयल को निजी डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा परीक्षण कराने की अनुमति दी थी। अंतरिम जमानत की याचिका में जेट एयरवेज के संस्थापक गोयल ने कहा कि निजी डॉक्टरों द्वारा की गई जांच के दौरान घातक बीमारी का पता चला।

# पेटीएम फास्टटैग को लेकर एनएचएआई का बड़ा फैसला

## 2 करोड़ यूजर्स होंगे प्रभावित

**नई दिल्ली,16 फरवरी 2024 (ए)।** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की रोड टोलिंग अथॉरिटी ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने पेटीएम फास्टटैग का इस्तेमाल कर रहे करोड़ों ग्राहकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। बता दें, आरबीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी के बाद सेवाएं देने पर रोक लगा दी है। फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की लिस्ट से पेटीएम पेमेंट बैंक के बाहर होने से लगभग दो करोड़ वाहन चालाक प्रभावित होंगे।एनएचएआई ने अलर्ट जारी कर लोगों से अधिकृत बैंकों से फास्टैग खरीदने का आग्रह किया है। पेटीएम फास्टैग यूजर्स को नया फास्टैग लेना होगा। अब फास्टैग जारी करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक अधिकृत बैंक नहीं रह गया है। आईएचएमसीएल ने उन 32 बैंकों की सूची जारी की है,




जहां से यूजर्स अपने लिए फास्टैग खरीद सकते हैं।फास्टैग देने वाले बैंकों की लिस्ट से पेटीएम पेमेंट्स बैंक का नाम गायब है। पेटीएम का नाम लिस्ट से हटा दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिन लोगों को पेटीएम टैग मिले हैं, उन्हें उसे सरेंडर करना होगा और अधिकृत बैंकों से नए टैग खरीदने होंगे। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट करके अधिकृत बैंकों के नाम बताए गए हैं। इनमें एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यूको बैंक जैसे 32 बैंक शामिल हैं।

# आईजी,डीआईजी और एसएसपी लेवल पर हुआ प्रमोशन



## जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव आईजी प्रमोट

**रायपुर,16 फरवरी 2024 (ए)।** राज्य सरकार ने तीन आईजी समेत 9 डीआईजी का प्रमोशन आदेश जारी कर दिया है। इसके अलावा 8 एसपी को एसएसपी लेवल पर प्रमोट किया गया है.। 2006 बैच के तीन आईपीएस जनसंपर्क आयुक्त मयंक श्रीवास्तव,आरएन दास और बीएस ध्रुव को आईजी प्रमोट किए गए हैं.।

## संपादकीय

### राज्यसभा की सीट पर कोई असर नहीं

महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोडऩे के बाद इस बात की चर्चा हो रही है कि राज्य में कांग्रेस को मिलने वाली राज्यसभा की एक सीट संकट में पड़ सकती है। असल में महाराष्ट्र में राज्यसभा की छह सीटें खाली हो रही हैं, जिनमें 104 विधायकों वाली भाजपा को तीन सीटें मिलेंगी। शिव सेना का दावा है कि उसके 39 विधायक हैं तो एक सीट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास जाएगी और 41 विधायकों वाले अजित पवार यानी असली एनसीपी को एक सीट जाएगी। कांग्रेस के 43 विधायक हैं। इसलिए छठी सीट कांग्रेस को मिलेगी। लेकिन कहा जा रहा है कि अशोक चव्हाण के जाने के बाद उनके साथ कई विधायक चले जाएंगे, जिससे कांग्रेस की एक सीट जीतने की उम्मीद खत्म हो जाएगी।लेकिन असल में ऐसा नहीं है। पहला सवाल तो यही है कि क्या कांग्रेस के विधायक टूटेंगे या कुछ पूर्व विधायक आदि जाएंगे? ध्यान रहे 288 सदस्यों वाली विधानसभा में राज्यसभा की छह सीटों का मतलब है कि एक सीट जीतने के लिए 43 वोट की जरुरत होगी। इसका मतलब है कि भाजपा को तीसरी सीट जीतने के लिए 25 अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। शिवसेना को छह और एनसीपी को चार अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। पांच सीट का मतलब है कि 215 वोट,जबकि सत्तापक्ष के पास सभी छोटी पार्टियों और निर्दलियों को मिला कर कुल 206 विधायक हैं। यानी तीनों पार्टियों को दूसरी ओर सेंधमारी करके पांचवीं सीट के लिए वोट का जुगाड़ करना होगा। दूसरी ओर कांग्रेस के 43 विधायकों के साथ साथ शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के 17 और एनसीपी के शरद पवार गुट के 12 विधायक हैं। कुछ छोटी पार्टियों के साथ विपक्ष के पास 78 विधायक हैं। यानी विपक्ष का एक उम्मीदवार तो आसानी से जीतेगा अगर विपक्ष दूसरा उम्मीदवार उतार दे सत्तापक्ष को पांचवीं सीट के लिए बहुत पसीना बहाना होगा।

# चुनावी चंदे के धंधे पर लगी सुप्रीम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजो की बेंच ने तीन दिनों तक लगातार सुनवाई करने के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

याचिकाकर्ताओं एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) सहित अन्य ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुये इन सभी ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। इस योजना को उसी समय चुनौती दी गई थी। लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया था कि वह 30 मई 2019 तक एक लिफाफे में चुनावी बांड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि कोर्ट ने उस समय इस योजना पर रोक नहीं लगाई थी।

बाद में दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था। इस पर चुनाव आयोग ने भी अपनी नकारात्मक राय दी थी। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29( बी )का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा।




चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के पहले केंद्र सरकार ने 5 फरवरी को लोकसभा को बताया था कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गए हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में,वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि भारतीय स्टेट बैंक से खरीदे गए चुनावी बांड (चरण 01 से चरण 30) का कुल मूल्य लगभग 16,518 करोड़ रुपये है। चौधरी ने कहा था कि केंद्र ने पहले 25 चरणों के लिए चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए एसबीआई को 8.57 करोड़ रुपये का कमीशन दिया है। इसके अलावा इसने अब तक सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) को 1.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

चौधरी ने बताया था कि केंद्र सरकार ने 2 जनवरी 2018 को चुनावी बॉन्ड योजना को अधिसूचित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्वच्छ कर भुगतान किया गया पैसा उचित बैंकिंग चैनल के माध्यम से राजनीतिक फंडिंग की प्रणाली में आये। हालांकि दानदाताओं के नाम गुमनाम रहे और सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर रहे। ये बांड विशेष रूप से राजनीतिक दलों को धन के योगदान के लिए जारी किए गए थे और इन्हें केवल भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में ही खरीदा जा सकता था। इलेक्टोरल बॉन्ड से उसी पार्टी को चंदा लेने का अधिकार था जो जनप्रतिनिधित्व कानून-1951 रिपर्जेंटेशन आफ द पिपुल्स एक्ट की धारा 29 के तहत रजिस्टर्ड हो। जिसे लोकसभा या विधानसभा चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट मिला हो।

भारत में चुनाव आयोग के समक्ष करीबन 1900 पार्टियाँ पंजीकृत हैं। इनमें सैकड़ों ऐसी पार्टियाँ हैं जिन्होंने कभी चुनाव ही नहीं लड़ा है। इससे यह साफ हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ जरूर है। देश के पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13 ए के तहत आयकर से छूट मिलती है। उनके लिये दान या चंदा लेने की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। उनको सिर्फ उस लेन-देन का ब्योरा चुनाव आयोग के समक्ष पेश करना होता है जो 20 हजार या उससे ज्यादा हो। इससे कम की रकम का कोई हिसाब उसे नहीं देना होता है। इसी का लाभ उठाकर तमाम राजनीतिक दलों पर कालेधन को सफेद करने और चुनावों में बेहिसाब कालाधन खर्च करने के आरोप लगते रहे हैं। यहीं कारण है कि सैकड़ों दल चुनाव नहीं लड़ते लेकिन राजनैतिक दल के तौर पंजीकृत हैं।

इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम का सबसे अधिक फायदा केन्द्र में सत्तरूढ़ भाजपा व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को ही मिला है। चुनाव आयोग के अनुसार 2018-19 में भाजपा को 1450 करोड़ रूपये व कांग्रेस को 383 करोड़ रूपये का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये मिला था। वहीं 2019-20 में भाजपा को 2555 करोड़ रूपये व कांग्रेस को 318 करोड़ रूपये मिले थे। 2020-21 के कोरोना काल में भी भाजपा को 22.38 करोड़ व कांग्रेस को 10.07 करोड़ रूपये मिले थे। 2021-22 में भाजपा को 1032 करोड़ रूपये व कांग्रेस को 236 करोड़ रूपये चंदे में मिले। 2022-23 में भाजपा को 1300 करोड़ रुपये व कांग्रेस को 171 करोड़ चंदे में मिले। रुपये इस तरह 2018 से 2022 तक भाजपा को 6359.38 करोड़ रूपये व कांग्रेस को 1118.07 करोड़ रूपये मिले थे। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य क्षेत्रीय दलों को भी इस योजना में बड़ी मात्रा में चंदा मिला है। इलेक्टोरल बांड स्कीम से देश के सभी राजनीतिक दलों को चंदा मिला है। सभी दलों ने चंदे कि बहती गंगा में हाथ धोया है। अब यदि कोई राजनीतिक दल खुद को पाक साफ़ दिखने के लिए अन्य दलों पर कीचड़ उछाले तो वही बात होगी सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने चली।

चुनाव में पानी की तरह बेहिसाब पैसा बहाकर सत्ता में आनेवाला कोई भी राजनीतिक दल कभी लोक कल्याणकारी नीतियों को प्रोत्साहन देने वाला नहीं हो सकता है। अतः राजनैतिक दलों की वित्तीय अनियमिततों को दूर करना आज वक्त की जरूरत बन चुकी है। हालांकि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस संबंध में अब तक जितने भी प्रयास हुए हैं नाकाफी ही साबित हुए हैं। इस दिशा में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राजनीति में चल रहे चंदे के गंदे धंधे पर रोक तो जरूर लगेगी जो राजनीतिक सुचिता की दिशा में एक नयी पहल होगी।

## एक रील आपको आपके बिछड़े वजूद से मिला सकती

किसी ने बहुत ही सुंदर रील बनाई और रील के माध्यम से सभी को संदेश दे कुछ समझाया , रील बहुत भा गई और रूह पर जाकर लगे जैसे हर एक शब्द उस रील के । तभी एक सवाल जो मन में उभर आया वो ये था कि क्या सच में कोई रील मुताबिक उस नक्शे कदम पर चल पाएगा ? शायद नहीं । अगर मेरी बात की जाए तो मैं तो बिल्कुल नहीं चल पाऊंगी । सच कहना सरल है परंतु करना कठिन है खास करके उन लोगों के लिए कठिन है जो किसी से बेपनाह मोहब्बत में अपना सब कुछ वार देते सिर्फ एक ही शख्स पर यहॉ तक की अपना वजूद भी चलिए अब बताती हूँ कि उस रील में एसा क्या था जो मुझे लिखने के लिए मजबूर कर बैठा मेरे भावों को, मेरे वो भाव जिन्हें में महसूस कर लिख रही और शायद या ये सोच रही कि अगर मेरे साथ ऐसा होगा तो मैं किस पीड़ा से गुजरूंगी वो मैं ही जानती हूँ । उस रील के अंतर्गत ये था कि एक शख्स जो की किसी की मोहब्बत में इस कदर डूबा था और वो उसके पीछे-पीछे भाग रहा था उठते-बैठते खाते पीते उसे उस शख्स के सिवा कोई सूझता ही नहीं था परंतु वो शख्स था की दूसरों के पीछे भाग रहा था अर्थात बाहर वाली या बाजारु औरत भी यहॉ आप सोच सकते हैं । जब रील बनाने वाला शख्स बुरी तरह ठोकर खाके दर्द-ए विरह की आग में जल रहा था तो उसने रील बना के दूसरों का मार्गदर्शन कर समझाना चाहा और कहा कि , कभी भी उस शख्स के पीछे नहीं भागो , जो दूसरों के पीछे भाग रहा उसका रील बनाने का सिर्फ यही उद्देश्य था कि किसी भी प्यार करने वाले इंसान की हालत उसकी तरह नहीं हो ।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

बहुत ही सुंदर उद्देश्य था रील बनाने वाले का पर क्या कोई सीख ले पाएगा ? शायद नहीं । सच कह रही हूँ शायद नहीं । एक लड़की डोली में बैठ कर अपने मॉ-बाप के घर से पिया के घर इस विश्वास से आती है की उसके सास-ससुर के साथ-साथ उसके पिया का प्यार , उसे कभी मॉ-बाप के प्यार की कमी महसूस नहीं होने देगा । अगर किसी औरत की शादी किसी गलत आदमी से कर दी जाए , मतलब लड़की के मां-बाप को भी नहीं पता पड़ता की लड़का बिगड़ैल अय्याश है तो ऐसे में तो वो लड़की तो पति के जीते-जी भी जैसे विधवा ही हो जाती मतलब जब वही पिया प्यार नहीं सिर्फ उसके जिस्म का इस्तेमाल कुछ समय तक पवित्र भाव से करता और घर में सभी के ख्याल रखने तक कि उम्मीद अपनी पत्नी से रखता परंतु कुछ वर्ष या एक दो वर्ष बाद ही खुद बाहर वालियों के पीछे भागता उनसे बेइज्जत होने के बाद भी उन्हीं के तलवे चाटता , अपनी पत्नी को मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना देना । पत्नी तो अपना सर्वोपरि अपने पिया पर लुटा बैठी , पति के प्यार के लिए सब किया , गालियां भी सुनी तो मार भी खाई अपना वजूद ही भूल गयी पति के उपर अंधा भरोसा कर बहुत सम्मान देती । फिर भी पति दूसरी औरतों या अपनी गर्लफ्रेंड के उस पालतू कुत्ते की तरह रहना पसंद करता जिसके गले में पट्टा बांध गर्लफ्रेंड उसे अपनी दूर से ही सही या पास से भी जिस्मानी बोटी दिखा अपने इशारों पर नचाती । पति फिर भी ऐसी गर्लफ्रेंड के प्यार में जीभ निकाल के ललचाता फिरता और बाहर ही मूँह मारता । अब ऐसे में पत्नी विरोध करे तो पत्नी गलत नहीं होती परंतु जिसे पालतू कुत्ता बन बाहर की गंदगी खाना पसंद हो मतलब कि अगर उस इंसान को बाहरवाली बाज़ारू औरतों में रूची हो अपनी पत्नी में नहीं तो समय रहते ऐसी पत्नियां जो इस तरह के माहौल में गुज़र बसर कर रही उनके लिए ये रील वरदान जैसी है । मुश्किल है पर नामुमकिन कुछ भी नहीं । समय लगेगा , लगने दो पर आजाद छोड़ दो पति नामक उस इंसा को जो पति के नाम पर कलंक है जिसे पत्नी के त्याग और प्यार के समर्पण भाव नहीं दिखते । जिसे बाहर की जूठन खाने की आदत हो जाती है । खैर ऐसे लोग किसी के सगे नहीं वो एक नहीं अनेक गर्लफ्रेंड के कुत्ते बन उनकी बोटियों के पीछे ललचाती जीभ लपलपाते हुए भाग रहे होते हैं ओर तो और ये जानते भी हैं की इनकी गर्लफ्रेंड इनसे भी अपने सौ काम करवा कर इन पालतू कुत्तों से सिर्फ अपना मतलब सीध कर रही होगी और वो भी इनकी तरह दस जगह मुँह मार रही होंगी । तो समझे अब रील बनाने वाले का उद्देश्य नेक है वो भी लगता है उस दर्द-ए आग को महसूस कर चुका होगा तभी वो स्वयं की जिंदगी से सीख आज दूसरों को सिखा रहा है चाहे रील के माध्यम से ही सही , सच सोशल मीडिया हर बार गलत नहीं होता सोशल मीडिया से ज्ञान लेना अगर कोई चाहे तो ले भी सकता , और जो अज्ञानता भरी राह पर भटकना चाहे तो भटक भी सकता । वो उन सभी औरतों का हितैषी है जिनके पति बाहर मुंह मारते । तो अब संभल जाओ मत भागो उसके पीछे , जो औरों के पीछे भाग रहा

# क्यों किसानों की मांगे नहीं मानते ?

ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार ने एक साल तक चले किसान आंदोलन का सबक भुला दिया है। तभी वह एक बार फिर किसान आंदोलन को रोकने और किसानों को दबाने के लिए उन्हीं उपायों का सहारा ले रही है, जिनका इस्तेमाल 2020-21 के किसान आंदोलन के समय किया गया था। तब किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए रास्ते बंद किए गए। फोन और इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई। किसानों को बदनाम करने के लिए एक पूरा इकोसिस्टम विकसित किया गया, जिसने किसानों और उनसे सहानुभूति रखने वालों को देशद्रोही ठहराया। किसानों को विदेश से फंडिंग मिलने और भारत विरोधी टूलकिट से मदद मिलने की बातें प्रचारित करके उनको बदनाम करने का प्रयास किया गया। इन सबका कुल जमा नतीजा यह था कि किसान एक साल तक सड़क पर लड़ते रहे, जिसमें सात सौ किसानों की जान गई और अंत में केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े।जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीनों कृषि कानून वापस लेने का ऐलान किया तब ऐसा लगा था कि सरकार को सबक मिल गया है। सरकार ने समझ लिया है कि किसानों से टकराने या उन्हें आजमाने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन एक बार फिर किसान आंदोलन पर उतरे हैं तो वही सारी तिकड़में आजमाई जा रही हैं। किसानों से दिखावे की बातचीत हुई है, जैसी बातचीत तब होती थी। किसान नेताओं के ट्विटर हैंडल बंद कराए गए हैं। पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर ऐसी बाड़ेबंदी की गई है, जैसी भारत पाकिस्तान की सीमा पर नहीं है। सड़कों पर कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। लोहे की बड़ी बड़ी कीलें सड़कों पर लगाई गई हैं। कंटेनर लगा कर सड़कों को बंद किया गया है। किसानों के ऊपर ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। दिल्ली की सीमा भी चारों तरफ से बंद कर दी गई है।सोचें, किसान ऐसा क्या कर रहे हैं कि उनके लिए इस तरह से उपाय करने की जरुरत है? किसान उन्हीं मांगों को तो दोहरा रहे हैं, जिनको सरकार ने नवंबर 2021 में मान लिया था। उस



समय सरकार ने किसानों से कई वादे किए थे लेकिन एक बार आंदोलन खत्म होने के बाद जब किसानों की मांगें पूरी करने की बारी आई तो टालमटोल का दौर शुरू हो गया। न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की किसानों की मांग पर एक कमेटी बना दी गई। कमेटी की रिपोर्ट का क्या हुआ किसी को पता नहीं है लेकिन इतना पता है कि किसान सरकार की पहल से संतुष्ट नहीं हैं और न सहमत हैं। तभी एक बार फिर उनको उसी मांग के लिए सड़क पर उतरना पड़ा है, जिसे मानने का वादा सरकार ने दो साल पहले किया था।किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाए। इसके जवाब में सरकार और इसके इकोसिस्टम की ओर से समझाया जाता है कि अब तो निजी कारोबारी एमएसपी से ज्यादा कीमत पर अनाज खरीद रहे हैं। इसके आंकड़े भी पेश किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि कहां निजी कारोबारियों ने एमएसपी से कितनी ज्यादा कीमत पर अनाज की खरीद की, उस कारोबारी ने किसानों को कितनी सुविधाएं दीं और उसके भुगतान का सिस्टम कितना अच्छा है। सवाल है कि जब खुले बाजार में एमएसपी से ज्यादा कीमत पर अनाज की खरीद फरोख्त हो रही है किसान सरकार से ज्यादा निजी कारोबारियों को अनाज बेच रहे हैं तो सरकार को एमएसपी को कानूनी दर्जा देने में क्या दिक्कत है? सरकार कानूनी दर्जा दे दे कि एमएसपी से कम कीमत पर अनाज की खरीद फरोख्त गैरकानूनी होगी।सरकार ऐसा नहीं कर रही है इसका मतलब है कि पूरे मामले में कोई पेंच है। असल में यह बाजार की तिकड़म होती है कि शुरू में आकर्षित करने के लिए बेहतर डील दो और उसके बाद मनमानी करो। किसानों को आशंका है कि निजी कारोबारियों के खरीद का सिस्टम इसी तरह से चलता रहा तो थोड़े समय में सरकारी खरीद का सिस्टम बिगड़ जाएगा और बंद कर दिया जाएगा। तब किसान कारोबारियों के हवाले हो जाएगा और फिर कारोबारी मनमानी करेंगे। अगर सरकार एमएसपी को कानूनी दर्जा दे देगी तो भले सरकारी खरीद का सिस्टम बंद हो जाए लेकिन बाजार में किसानों का अनाज अच्छी कीमत पर बिकेगा। तभी सरकार को किसानों की इस मांग पर ध्यान देना चाहिए।एमएसपी से ही जुड़ी उनकी यह भी मांग है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा देने के साथ साथ सभी उपज की एमएसपी तय हो और एमएसपी निर्धारित करने के लिए एमएस स्वामीनाथन फॉर्मूले का इस्तेमाल किया जाए। केंद्र सरकार ने हाल ही में एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किया है। निश्चित रूप से वे इस सम्मान के हकदार थे और बहुत पहले उनको यह सम्मान मिलना चाहिए था। देर से ही सही लेकिन उन्हें भारत रत्न मिल गया तो अब सरकार को उनकी ओर से तय किए गए फॉर्मूले पर एमएसपी तय करना चाहिए। सरकारें बार बार स्वामीनाथन फॉर्मूले की चर्चा भी करती हैं। लेकिन उसके हिसाब से किसानों को अनाज की कीमत नहीं देना चाहती हैं। सरकार को अब इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए कि खाद, बीज के दाम और सिंचाई में होने वाले खर्च के साथ साथ फसल को मंडी तक पहुंचाने के खर्च और किसान परिवार के सदस्यों की मजदूरी और जमीन के किराए को शामिल करके लागत तय हो और उसके ऊपर एक निश्चित मुनाफा तय किया जाए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों कहा कि वे मानते हैं कि देश में चार जातियां हैं। उन्होंने महिला, गरीब और युवा के साथ चौथी जाति के तौर पर किसान को शामिल किया।सवाल है कि क्या वे इस जाति के लिए कुछ सोच रहे हैं? उन्होंने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा की थी। आज 2024 में सरकार और सरकारी दल भी यह दावा नहीं कर रहे हैं कि किसानों की आय दोगुनी हो गई। उलटे कृषि लागत बढ़ती गई है, जिससे किसान की कमाई खत्म हो गई है। अगर सचमुच प्रधानमंत्री किसानों को एक जाति मान रहे हैं और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं तो स्वामीनाथन फॉर्मूले के आधार पर सभी फसलों की एमएसपी तय की जाए और एमएसपी को कानूनी रूप दिया जाए ताकि किसी स्थिति में किसान के साथ धोखाधड़ी न हो पाए।इसके अलावा किसान पेंशन की मांग भी कर रहे हैं और यह मांग भी जायज है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों के लिए तीन हजार रुपए पेंशन की योजना घोषित की। सरकार ने तय किया कि 60 साल से ऊपर की आयु के सीमांत व लघु किसानों को तीन हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी।

**-जीत द्विवेदी-**

## डर जाना नहीं

तन सुंदर और मन सुंदर
सुन्दर यह संसार है
जीवन भी हो जाये सुन्दर
अगर मानवता से प्यार है
सुन्दर बनना है तो,
मन को सुन्दर बना लो
जीवन का पल पल
अब तो सुन्दर बना लो
सुंदरता तो वक्त के,
साथ ढल जाती है
अहंकार मानवता को,
छल जाती है
अगर जीवन बन गया,
तेरा सुंदर तो
बदलाव आ जाये अब,
मन अंदर तो
जिंदगी ख्वाब से,
हकीकत में बदल जायेगी
हर बार फिर से बहारे,
नया परिवर्तन लायेगी
परिवर्तन से कभी भी,
घबराना नहीं
होगा बदलाव अब तो,
डर जाना नहीं



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी
धमतरी
छत्तीसगढ

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## तू जरा कोशिश तो कर

खुल जाएंगे सभी रास्ते,
चलने का साहस तो कर।
सब कुछ मिलेगा आहिस्ते,
तू जरा कोशिश तो कर।
मुश्किल नहीं कुछ दुनिया में,
तू जरा हिम्मत तो कर।
ख्वाब बदलेंगे हकीकत में,
तू जरा कोशिश तो कर।
सफलता तेरे पास आएगा,
तू जरा मेहनत तो कर।
मंजिल तुझे जरूर मिलेगा,
तू जरा कोशिश तो कर।
सपना तेरा जरूर सच होगा,
तू जरा हौसला तो कर।
सब कुछ तुझे हासिल होगा,
तू जरा कोशिश तो कर।
राहों में चुनौतियां आएगी,
चुनौतियों का सामना तो कर।
बाधाएं तुझे रोक नही पाएगी,
तू जरा कोशिश तो कर।



श्याम सुंदर साहू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## वैवाहिक बंधन की गांठ लगी

जीवन के इस वसंत पर मिल रहे कुछ नए अनुभव।
वैवाहिक जीवन के वसंत में जुड़ गए कुछ नए अनुभव।।
ढाई दशकों के इस डगर पर मिल रहे कुछ कटु मृदु एहसास।
परिवार और समाज की गाड़ी दिये जा रही कुछ कटु मृदु एहसास।।
जब डोर बंधी थी भावना संग तब लगता था यह कठिन राह।
मन भावना को समेट कर साझा चलने का कर रहा प्रयास।।
फिर आपस की समझदारी और प्रशस्त पथ की मन में चाह।
रजत वर्षगांठ पर अब अपने कदम पड़े हैं खास।।
बेसक जीवन माला से कम हो रहे साल दर साल।
लेकिन लगता है अगला जीवन होना है खास।।
शिकवा और शिकायत की बातें चलती रहेगी सालों साल।
आपस में सामंजस्य बैठाकर हीं चलना होगा साल दर साल।।
कुछ मन की चाहत है बाँकी उसको पूरा करने का लक्ष्य।
समाज और परिवार संग मिलकर चलने का साधना है लक्ष्य।।
एक कहानी छूट जाएगी अपनी जीवन जीने के बाद।
परिवार और समाज में बस रह जाएगी अपनी कुछ पुरानी याद।।
कल जब धरा छोड़ने की बारी आए पहले जाने में न एतराज।
फिर भी हक़ की लड़ो लड़ाई साथ चलने में भी न कोई एतराज।
साथ साथ चलकर हीं वहाँ बने एक स्वप्नलोक।
खिड़की और झरोखों से हँसता खेलता दिखे अपना ये भूलोक।।




कमलेश झा
नगरपारा
भागलपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बदलियां गल्ला

अज्ज कल बदलना
लग्गियां तेरियां गल्लां
तेरे शहरे दे मौसमे सैंई।
अज्ज कल
बदलना लग्गा।
तेरा अंदाज गिरगिटे दे
रंगे सैंई।
अज्ज कल बदलना लग्गा
तेरा प्यार
तेरे रुसदे चेहरे सैंई।
अज्ज कल बदलना लग्गा
तेरा व्यवहार तेरियां
नजरा सैंई।
अज्ज कल बदलना लग्गे
तेरे जज्बात तेरे
लफ्जां सैंई।
अज्ज कल बदलना लग्गी
मेरी अहमियत
तेरी बदलिया सोच्चा सैंई।



डॉ.राजीव डोगरा
जनयान
कड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जय जवान जय किसान

लड़ने को तैयार है
भारत का हर किसान है
जय किसान का नारा
गूंजने को तैयार है
मिट्टी से सोना उगाता
अन्नदाता कहलाता है
वक्त पढ़ने पर यह
दुश्मन से भिड़ जाता है
सीमा पर ताने बंदूक
फौजी कहलाता है
देश की रक्षा का बीड़ा
खून देकर निभाता है
खून पसीने से यह अपने
इतिहास रच जाता है
जय जवान
जय किसान का नारा
अजर अमर हो जाता है



केशी गुप्ता
द्वारका दिल्ली

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## रंगमंच

मैं पढ़ूं गजल तो जमाना वाह वाह करता है,
कोई बजाता है ताली तो कोई सोचता है तो कोई करता है टिप्पणी,
अलग-अलग प्रसंग हैं यहां तमाम के,
अनोखा रंगमंच है यह जिंदगी,
किरदार में रह कर लोग अभिनय शानदार करते हैं,
कोई करता हैं प्रेम तो दगा हजार करता है
मीठी-मीठी बातों से सौदा हजार करता है,
कोई झेलता है घाव तो कोई घाव हजार करता है,
मिन्नतों के साथ कोई मन्नत हजार करता है,
मैं दुख पढ़ता हूं अपना और जमाना हंसहंस कर बात करता है,
चुपके चुपके वह बातों में अपनी शिकायत करता है,
कोई कहता है खुद का किस्सा अनोखा और कोई दुख की भरमार करता है,
अलग-अलग प्रसंग हैं यहां तमाम के,अनोखा रंगमंच है यह जिंदगी,
किरदार में रह कर लोग अभिनय शानदार करते हैं,
कोई पहुंचता है सीधे और कोई मार्ग हजार करता है,
धीरे-धीरे सपनों के कोई सौदा हजार करता है,
कोई रखता है धीरज तो कोई आक्रोश हजार करता है,
धीरे-धीरे सफलता का कोई सफर हजार करता है,
मैं कहता हूं सत्य और जमाना मुंह से वाह वाह करता है,
पीठ पीछे क्या पता तानों की बौछार करता है,
भाईचारा यानी क्या! जिसमें राजा बने रंक के महल में रंक राज करता है।



वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा
उत्तरप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## ये रंगीनियां ये राहतें

ये रंगिनिया ये राहते,बस कुछ दिनों की है।
ये जवानिया ये चाहते,बस कुछ दिनों की है।
उलझेंगे ऐसे फ़र्ज पे भूल जायेंगे खुद को।
ये बेफ़िकरी का आलम,
बस कुछ दिनों की है।
काटे ना कटेगा वक़्त तब, तन्हा ही रहेंगे।
ये हिमायतें ये नसीहते,
बस कुछ दिनों की है।
जी लों अभी ये जिंदगी,जिंदादिली से।
ये परेशानिया ये शिकायते,
बस कुछ दिनों की है।
गर मोड़ पे मिले कोई,हमसफ़र तन्हा।
बाँट लो तन्हाईया, ये कुछ दिनों की है।
यादें ही रह जायेगा,ये दिन बहारों के।
ये मस्तिया ये नादानियाँ,
बस कुछ दिनों की है।
ना इल्म हादसों का है,
ये खैरियत कब तक।
ये बारिशें मोहब्बतों की,
बस कुछ दिनों की है।



कमलेश कौशिक
कठलहा
रायपुर, छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# घर के सदस्य की तरह पालकर रखे बकरे को महंगी कार से आकर...चुरा ले गए चोर,उसे खोजने एएसपी से लगाई गई गुहार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।





बड़े शौक से एक व्यक्ति ने बकरा को पाल रखा था। उसकी देख रेख घर के पूरे सदस्य करते थे। वह एक परिवार के सदस्य के रूप में था। पर 8 फरवरी की सुबह महंगी कार में आकर कुछ लोग उसे चोरी कर ले गए। इससे बकरा मालिक व उसके घर के सदस्यों में मायूसी है। वहीं बकरा मालिक ने मामले की रिपोर्ट रघुनाथपुर थाने में दर्ज कराया था। पर घटना के 9 दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से शुक्रवार को आध दर्जन से अधिक लोग एएसपी के समक्ष पहुंचकर बकरा खोजवाने की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर निवासी सुरेश गुप्ता का बकरा (शेरू) को 8 फरवरी की सुबह लगभग 07.30 कार क्रमांक सीजी 07 सीपी 1177 में आकर कुछ लोग बकरा को चोरी कर ले गए। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस चौकी रघुनाथपुर में दर्ज कराई गई। बकरा चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुआ है। जिसे पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। पर पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बकरा मालिक सुरेश गुप्ता ने शुक्रवार को परिजन व गांव के अन्य लोगों के साथ अंबिकापुर पहुंचकर घटना की शिकायत एएसपी पुपलेश कुमार से की है। बकरा मालिक ने एएसपी से शिकायत की है। उन्होंने एएसपी को बताया कि रघुनाथपुर पुलिस द्वारा राहुल गांधी के कार्यक्रम का हवाला देकर 3-4 दिन तक कार्रवाई रोक दी गई, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों द्वारा बकरे को बेफीक्र होकर टोल प्लाजा पार करते हुए भिलाई ले जाया गया, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी रघुनाथपुर पुलिस को प्राप्त हो चुकी है और आरोपी चोर के संबंध में पुख्ता जानकारी नाम और गाड़ी नम्बर सहित मेरे द्वारा रघुनाथपुर पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। सुरेश गुप्ता ने बताया कि बकरा मेरे घर के सदस्य की तरह था। घर के सभी लोगों का उससे लगाव था। उसे पिछले 6 साल से घर के सदस्य की तरह पाल रखा था। जिसका वजन 1 क्विंटल 20 किलो है। सभी लोग उसे शेरू कहकर बुलाते थे। शेरू के चोरी हो जाने से घर के सभी लोग मायूमस हैं।

# सरकार से की गई कृषकों के लिए एमएसपी की गारंटी की मांग

- संवाददाता -

अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)। संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर शुक्रवार को शहर के घड़ी चौक आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा भगत सिंह अकैडमी,



प्रलेस, ऑल इंडिया किसान सभा, एटक एवं अन्य प्रगतिशील संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। आम सभा में अनिल द्विवेदी ने कृषकों के लिए एमएसपी की गारंटी की मांग की। निर्दोष एक्का ने किसानों की सभी मांगों को सरकार द्वारा स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने मनरेगा के मजदूरों की मजदूरी एवं कार्य के दिन बढ़ाने के मांग पर जोर दिया। मजदूर नेता विमल उपाध्याय ने मजदूरों के शोषण को खत्म करने पर अपने विचार रखे। किसान नेता दर्शन राम ने किसानों को एमएसपी की गारंटी देने की मांग की और सरकार द्वारा 2021 में किए गए वादे पूरे करने की अपील की। सभा का संयोजन चरनप्रीत सिंह ने किया, इस अवसर पर किसान सभा के मान साय, वेद प्रकाश अग्रवाल, विमल उपाध्याय, सीपी शुक्ला, पेंशनर आनंद सिंह, फ्रांसिस केरकेट्टा, रंग साय, प्रकाश नारायण, प्रदीप ठाकुर, सुरेश राम, सूजान बिंद, संजय सिंह, रघुनाथ प्रधान, शेखर ज्योति, अजय कुमार, शीतल उरांव, कयामुद्दीन, गिरी शिवजी, मानसाय ,प्रेमसाय उपस्थित थे।

# 45 टन अवैध कोयला जब्त,कार्यवाही में पुलिस,खनिज व राजस्व टीम की

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



लखनपुर स्थित अमेरा कोल खदान से कोयला चोरी कर क्षेत्र के इंट भट्ठों में खपाया जा रहा है। इस मामले में लखनपुर पुलिस,खनिज विभाग व राजस्व की टीम ने 6 इंट भट्ठों में दबिश देकर लगभग 45 टन अवैध कोयला जब्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमेरा कोयला खदान से लगातार कोयला चोरी के सम्बन्ध मे शिकायते मिल रही थी। शिकायत पर पुलिस, खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार की शाम अभियान चलाकर लखनपुर क्षेत्र में संचालित जूनाडीह, सिरकोतंगा, गुमगरा कला, बिनकरा, गणेशपुर स्तिथ कुल 6 इंट भट्ठों में दबिश देकर 45 टन से अधिक कोयला जब्त किया गया है। अवैध कोयला के संबंध में इंट भट्ठा संचालकों से पूछताछ किया गया। भंडारित कोयलों के संबंध में संचालकों द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाने पर पुलिस ने जब्त कर लिया है। जिसमी कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है।

# विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों की हुई बैठक, दिवंगत आर्चिशा सिन्हा को दी गई श्रद्धांजलि





- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

छात्रा अर्चिशा सिन्हा के असामयिक निधन के बाद प्रशासन द्वारा गठित जांच समिति के सदस्यों और अभिभावकों की एक बैठक गुरुवार को कार्मेल स्कूल में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में उपस्थित सभी लोगों ने अर्चिशा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

बैठक में जिला दंडाधिकारी की ओर से सभी निजी स्कूलों को दिए जाने वाले निर्देशों के बारे में एसडीएम अंबिकापुर ने अभिभावकों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने उन कर्तव्यों का निर्वहन कैसे किया जाए, इसकी प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को बाल मनोविज्ञान का प्रशिक्षण देने और छात्रों को नियमित परामर्श देने पर ज़ोर दिया ताकि वे मानसिक रूप से मज़बूत बन सकें और भविष्य में किसी भी प्रकार की ऐसी दुर्घटना से बचा जा सके। अभिभावकों ने भी बैठक में अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि कैसे समय की कमी के कारण उन्हें मजबूरन बच्चों को मोबाइल फोन देना पड़ता है ताकि वे व्यस्त रहें और घर पर सुरक्षित हों। हालांकि, बच्चों पर मोबाइल के नकारात्मक प्रभावों से वे वाकिफ हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी प्राथमिकता अपने बच्चों को अनुशासित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलवाना है, इसलिए वे ज़्यादातर उन्हें निजी स्कूलों में भेजते हैं। वाइस प्रिंसिपल सिस्टर रोशनी ने अभिभावकों के समक्ष घटना वाले दिन का वीडियो फुटेज के आधार पर संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जिसे सुनकर उपस्थित समस्त अभिभावकगण वास्तविकता से अवगत हुए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि माता-पिता के सहयोग के बिना स्कूलों में बच्चों को अनुशासित रखना असंभव है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि स्कूल में बच्चों के लिए नियमित परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे माता-पिता को भी अपने बच्चों की मनन्स्थिति को समझ पाने में मदद मिलेगी।

# मामूली विवाद पर पत्नी की हत्या,आरोपी पति गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

मामूली विवाद पर गुस्से में आकर पति ने पत्नी की हाथ-मुक्के से बेदम पिटाई कर दी थी। इससे उसकी मौत हो गई थी। मृतका के पिता ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अजेश बरवा ग्राम खलिबा थाना गांधीनगर का रहने वाला है। 7 फरवारी को पत्नी मनेश्वारी (32) से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान गुस्से में अजेश ने पत्नी की हाथ-मुक्के से बेदम पिटाई कर दी। इससे महिला अचेत हो गई और पति घर से बाहर चला गया। कुछ देर बाद पति वापस घर आया तो पत्नी की मौत हो चुकी थी। इसके बाद पति ने घटना की जानकारी मृतका के पिता को दी। सूचना पर मृतका के पिता लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के करदोनी निवासी राजकुमार पहुंचा और मामले की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पीएम करवाया। पीएम रिपोर्ट के आधार पर मारपीट से मौत होने की पुष्टी होने पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना गांधीनगर से प्रधान आरक्षक मनोज मालवीय, आरक्षक अमरेश सिंह, अनिल सिंह परिहार, अरविन्द उपाध्याय शामिल रहे।

# खदान से कोयला चोरी किये जाने के मामले में 20 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



अमेरा कोयला खदान प्रबंधन द्वारा सरगुजा पुलिस को कोयला खदान से ग्रामीणों द्वारा काफी संख्या मे असुरक्षित रूप से खदान मे प्रवेश कर कोयला चोरी एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की शंका के सम्बन्ध मे शिकायत प्रस्तुत की गई थी, मामले मे सरगुजा पुलिस द्वारा शिकायत के मद्देनजर आज दिनांक तडके सुबह 3 बजे से 6 बजे तक अभियान चलाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 2 उप पुलिस अधीक्षक, 2 उप निरीक्षक निरीक्षक, 4 सहायक उप निरीक्षक , प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों की कुल 200 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही कर खदान से कुल 20 व्यक्तियों कों संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका पर पकडक़र गिरफ्तार कर थाना लाया गया, आरोपियों कों मामले मे कड़ी समझाईस देते हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए धारा 151 के तहत मामले मे इस्तगासा माननीय कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया हैं, मामले मे आरोपियों के विरुद्ध बाउंडओवर की कार्यवाही भी की जा रही हैं।

सरगुजा पुलिस अमेरा खदान के आसपास निवासरत ग्रामीणों से अपील करती हैं कि ग्रामीण कोयला खदान मे बिना वैध अनुमति प्रवेश ना करें, सरगुजा पुलिस द्वारा ऐसे मामलो मे सखूती के साथ कार्यवाही की जायगी।

# 9 नग मवेशी के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

अवैध मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार



किया है। वहीं आरोपियों के कब्जे से 9 नग मवेशी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

धौरपुर पुलिस को शुक्रवार को मुखबिर से जानकारी मिली की आसानडीह जंगल के रास्ते मवेशियों की तस्करी की जा रही है। सूचना पर पुलिस घेराबंदी कर नेसार अंसारी उम्र 54 वर्ष निवासी शंकरगढ़ कुसमी, धरमू उर्फ धरम साय उम्र 47 वर्ष निवासी देवरी धौरपुर, मोटू उर्फ उमेश उम्र 28 वर्ष निवासी पटोरा थाना लुन्ड्रा व लिखन राम उम्र 42 वर्ष निवासी देवरी थाना धौरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 9 नग मवेशी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# अपहरण की झूठी कहानी के झांसे में आकर लोगों ने थाने के सामने किया उग्र प्रदर्शन

- संवाददाता -
प्रतापपुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।





शुक्रवार को एक 18 वर्षीय युवक के अपहरण होने की खबर ने नगर में अफरातफरी का माहौल निर्मित करते हुए शांति व्यवस्था भंग कर दी। अपहरण की खबर सुनकर आक्रोशित हुए लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतापपुर थाने पहुंचकर वहां के मुख्य द्वार के सामने स्थित मार्ग में खाली ड्रम व मोटरसाइकिलें खड़ी कर चक्काजाम करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके कारण मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। इसी बीच कुछ लोग मार्ग पर टायर जलाकर भी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

मौके पर मौजूद एसडीएम दीपिका नेताम, तहसीलदार पुष्पराज पात्रे व पुलिस ने लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया पर लोग पुलिस की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए धरना प्रदर्शन करते रहे। इसी दौरान पुलिस ने लोगों को खबर दी की जिस युवक का अपहरण होना बताया जा रहा था उसे अंबिकापुर में स्थित एक एटीएम के पास से बरामद कर लिया गया है तथा पुलिस की टीम उसे लेकर आ रही है। पुलिस ने बताया कि युवक का अपहरण नहीं हुआ था बल्कि उसने पैसों के लालच में खुद अपने अपहरण की साज़िश रची थी। जिसके बाद धरना प्रदर्शन कर रहे लोग शांत होकर वापस लौट गए। दरअसल मामला यह था कि शुक्रवार को 18 वर्षीय युवक विश्वनाथ रवि के माता पिता ने प्रतापपुर थाने में आकर सूचना दी की प्रतापपुर के बाबापारा से उनके पुत्र का कुछ कार सवारों ने अपहरण कर लिया है। पुत्र की रिहाई के लिए अपहरणकर्ता फोन कर 50 हजार की फिरौती मांग रहे हैं। जिस पर पुलिस ने फिरौती की मांग किए गए मोबाइल नंबर पर काल की तो फोन उसी युवक ने उठाया जिसका अपहरण होना बताया गया था। उक्त युवक ने पुलिस से कहा कि कुछ लोगों ने मेरे हाथ पांव व आंखों में पट्टी बांधकर मुझे कार द्वारा अपहृत कर लिया है और मुझे छोड़ने के बदले में 50 हजार की मांग कर रहे हैं और पैसा न देने पर जान से मारने की भी धमकी दे रहे हैं। इसलिए आप लोग मेरे खाते में पैसा भेज दो मैं पैसा निकालकर अपहरणकर्ताओं को दे दूंगा। युवक की बात सुनकर पुलिस को मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर छानबीन की तो पता चला की फोन अंबिकापुर के किसी स्थान से किया गया था। जिसके बाद एक पुलिस टीम तत्काल अंबिकापुर के लिए रवाना हो ग?ई और वहां के लोकेशन वाले स्थान पर पहुंचकर युवक को बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर युवक ने बताया कि उसने पैसों के लालच में आकर स्वयं अपने अपहरण की साजिश रची थी। पुलिस ने बताया कि अपने अपहरण की झूठी साजिश रच कर नगर का माहौल बिगाड़ने वाले युवक के ऊपर संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## इसलिए बिगड़ा नगर का माहौल

गौरतलब है कि 29 जनवरी से अपने घर के पास से लापता 10 वर्षीय रिशु कश्यप का पुलिस अपने हर प्रयास के बावजूद अब तक सुराग नहीं लगा सकी है। इसे लेकर तो नगर में पुलिस के प्रति लोगों में नाराजगी का माहौल चल ही रहा था। इसी बीच गुरूवार को किसी ने प्रतापपुर में बच्चा चोरों के सक्रिय होने की अफवाह उड़ा दी जिसके कारण लोगों में पुलिस के प्रति और ज्यादा नाराजगी बढ़ गई। इसके बाद फिर से शुक्रवार को नगर में उक्त युवक के अपहरण की खबर फैल गई। जिसके कारण लोगों की नाराज़गी आक्रोश बनकर फूट ग?ई और उन्होंने थाने के सामने चक्काजाम कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालांकि युवक के अपहरण की खबर फैलते ही पुलिस ने नगर के लोगों द्वारा बनाए गए एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लोगों को जानकारी देते हुए बता दिया था कि युवक की तलाश में पुलिस की एक टीम अंबिकापुर रवाना हो गई है। पर आक्रोशित लोगों ने पुलिस की एक नहीं सुनी और थाने के सामने उग्र प्रदर्शन करने के बाद ही दम लिया।

# इमरान की पार्टी के नेताओं की फिर घेराबंदी,पीटीआई का दावा-उन पर नवाज की पार्टी में शामिल होने का दबाव




**लाहौर,16 फरवरी 2024।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ पाकिस्तान सेना ने एक बार फिर से कार्रवाई शुरू कर दी है। हाल ही में हुए आम चुनाव के नतीजों से इसे जोड़कर देखा जा रहा है। आम चुनाव के नतीजों के मुताबिक, इमरान के समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों की बड़ी जीत हुई थी। जिसके बाद से ही पाकिस्तान में किसी को भी पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया था। शुक्रवार को एक बार फिर इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई के कई मायने निकाले जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है इमरान खान के समर्थित विजयी निर्दलीय सांसद पर दबाव बनाया जा रहा है।

**इमरान खान की पार्टी के स्वतंत्र उम्मीदवारों पर कार्रवाई**

इमरान खान की पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने पीटीआई समर्थित सफल निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार किया है। इसके लिए पाकिस्तान सेना ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी की। पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी एफआईए ने राज्य के खिलाफ जनता को भड़काने के लिए इमरान खान की बहन अलीमा खान को तलब किया है।

### गिरफ्तारी की आशंका से पहले कोर्ट ने दी जमानत

पीटीआई के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार उमर अयूब को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेतृत्व वाले छह दलों के गठबंधन के उम्मीदवार शहबाज के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए संसद में जाने से रोकने के लिए किसी अज्ञात मामले में उनकी संभावित गिरफ्तारी की आशंका के चलते शुक्रवार को एक स्थानीय अदालत से गिरफ्तारी से पहले जमानत मिल गई। उमर ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित नेशनल असेंबली के सदस्य असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। अयूब ने सोशल मीडिया पर कहा, घुम्मन को पीटीआई छोड़ने और पीएमएल-एन में शामिल होने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

# पुतिन के एक और विरोधी की रूस में मौत,लंबे समय से जेल में बंद एलेक्सी नवेलनी नहीं रहे



**मॉस्को,16 फरवरी 2024।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक और विरोधी की रूस में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से जेल में बंद एलेक्सी नवेलनी की मौत हो गई है। बता दें कि नवेलनी को रूस में पुतिन का सबसे बड़ा आलोचक माना जाता था। सरकार विरोधी प्रदर्शन के लिए नवेलनी को साल 2021 में जेल हुई थी। इससे पहले नवलनी को जहर देकर मारने की भी कोशिश हुई थी। जिसमें नवलनी बच गए थे।

### कई दिनों तक जेल से गायब रहे थे...

इससे पहले खबर आई थी कि नवेलनी कई दिनों तक जेल से गायब रहे थे। दावा किया गया था कि उनके वकीलों की उनसे कोई बात भी नहीं हो पा रही थी। कैदियों की सूची से भी उनका नाम गायब था। हालांकि, करीब 20 दिन बाद उनके वकील उनसे मिल पाए थे। रूसी सरकार ने नवलनी को बेहद ठंडे आर्कटिक क्षेत्र में स्थित जेल में शिफ्ट कर दिया था।

### बेहद खतरनाक हैं आर्कटिक क्षेत्र की जेल के हालात

बताया गया था कि नवलनी यामालो नेनेट्स के खार्प इलाके में स्थित जेल में बंद हैं। खार्प में करीब 5 हजार लोग रहते हैं और यह क्षेत्र आर्कटिक सर्किल के ऊपर स्थित है। इसके चलते यहां जबरदस्त ठंड होती है और यहां की परिस्थितियां बेहद खतरनाक होती हैं। जेल के कैदियों का बाहरी दुनिया से संपर्क नहीं होता और यह रूस के सबसे खतरनाक जेलों में गिनी जाती है। यह इलाका रूस की राजधानी मॉस्को से उत्तर पूर्व में दो हजार किलोमीटर दूर स्थित है।

# ऑस्ट्रेलिया में आई बाढ़ की चपेट में आकर भारतीय नागरिक ने गंवाई जान

### उच्चायोग ने जताया दुख

**कैनबरा,16 फरवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में मौसम काफी खराब है। यहां बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इस बीच, माउंट ईसा के पास आई बाढ़ में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### पीड़ित के परिवार के प्रति संवेदना

भारतीय उच्चायोग ने पीड़ित के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही विश्वास दिलाया कि वह किसी भी सहायता के लिए उनके संपर्क में है। उसने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ऑस्ट्रेलिया से दिल तोड़ने वाली खबर है। यहां एक भारतीय शख्स की मौत हो गई है। मृतकों के परिवार के प्रति गहरी संवेदना। उच्चायोग की टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है।

हालांकि, उच्चायोग के अधिकारियों ने मरने वाले की पहचान उजागर नहीं की है। इस बीच, बारिश और आंधी के गंभीर अलर्ट के बीच क्वींसलैंड में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।



### गंभीर आंधी-तूफान की चेतावनी

क्वींसलैंड की पुलिस ने बताया, सनशाइन कोस्ट काउंसिल क्षेत्र के लोगों के लिए गंभीर आंधी-तूफान की चेतावनी है। बीओएम ने चेतावनी जारी की है कि मारूच्यडोर और यहां के आसपास के क्षेत्र में भारी बारिश होने की संभावना वाले तेज आंधी तूफान का पता चला है, जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है।

एक अन्य घटना में, पुलिस ने बताया कि माउंट ईसा के पास बाढ़ के पानी में डूबी हुई कार में एक महिला मृत पाई गई। मामले की जांच की जा रही है और लोगों से आग्रह किया है कि जांच में सहायता करने के लिए आगे आएं।

### घर जलमग्न,बिजली गुल, पीने का पानी नहीं

क्वींसलैंड में स्थिति गंभीर बनी हुई है, बचाव की कोशिशें जारी हैं। सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। हालांकि, कई घर जलमग्न हो गए हैं। बिजली, सड़क और सुरक्षित पेयजल जैसी आवश्यक सेवाएं प्रभावित हुई हैं।मौसम की घटना की शुरुआत के बाद से केर्न्स शहर में दो मीटर से अधिक वर्षा हुई है। क्वींसलैंड के प्रीमियर स्टीवन माइल्स ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा था, %यह प्राकृतिक आपदा मुझे याद है सबसे बुरी आपदा है।

# भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीरियर पर पत्नी और जुड़वां बेटों की हत्या का आरोप,खुद भी की आत्महत्या

**कैलिफोर्निया,16 फरवरी 2024।** अमेरिका के कैलिपोर्निया में भारतीय मूल के पूर्व मेटा सॉफ्टवेयर आनंद हेनरी पर अपनी पत्नी और जुड़वा बेटों की हत्या करने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद आनंद हेनरी ने खुद को भी गोली मार ली थी।

**भारतीय मूल के व्यक्ति ने की पत्नी और जुड़वा बेटों की हत्या**-पुलिस विभाग ने बताया, 37 वर्षीय हेनरी और उनकी 36 वर्षीय पत्नी एलिस बेंजीगर का शव उनके घर के बाथरूम में मिला। हेनरी के नाम से पंजीकृत नौ मिमी हैंडगन भी जमीन पर पड़ा मिला। पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा, हमारी जांच के अनुसार बेंजीगर के शरीर पर कई सारे गोलियों के घाव थे। वहीं हेनरी के शरीर पर केवल एक ही गोली लगी थी।

उन्होंने आगे कहा, चार वर्षीय जुड़ा बच्चों की मौत गोली लगने से नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस ने भी बच्चों के मौत के कारणों का खुलासा नहीं किया है। पुलिस ने हेनरी पर अपने परिवार की हत्या का आरोप लगाया है।

**पति सॉफ्टवेयर इंजीनियर और डेटा वैज्ञानिक थी पत्नी**-लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार हेनरी मेटा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करते थे। वह इससे पहले गूगल में भी काम कर चुके थे। हालांकि, मेटा ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, मौत के दौरान वह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर काम कर रहे थे। वहीं बेंजीगर जिलो में एक डेटा वैज्ञानिक थीं।

# रफा में सैन्य ऑपरेशन को लेकर बाइडन ने फिर नेतन्याहू को चेताया

## कहा- एक भरोसेमंद योजना के बिना...



**वॉशिंगटन/यरुशलम, 16 फरवरी 2024।** हमास और इस्राइल के बीच बीते पांच महीने से जंग जारी है। पिछले साल सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के घातक हमले के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हैं। इस लड़ाई के बीच मिस्र से लगी रफा सीमा पर इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कार्रवाई शुरू की है। कार्रवाई यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि इस्राइल ने आगे जमीनी हमले के भी संकेत दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बार फिर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को नागरिकों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सैन्य अभियान चलाने की हिदायत दी है।

व्हाइट हाउस ने बताया कि जो बाइडन ने गुरुवार को इस्राइली पीएम से कहा कि उन्हें फलस्तीनी नागरिकों की रक्षा के लिए एक भरोसेमंद और जमीन पर उतारी जाने लायक योजना के बिना रफा सीमा पर सैन्य कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

### बंधकों को रिहा कराने पर भी चर्चा

एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार गुरुवार को दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। इस दौरान बाइडन ने नेतन्याहू को गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में जाने के बारे में चेतावनी दी। इसके अलावा, बंधकों को रिहा कराने को लेकर भी बात हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बंधकों को मुक्त करने में मदद करने के लिए चौबीसों घंटे काम करना जारी रखने का वादा किया।

### रफा सीमा की अहमियत क्या है?

गाजा की कुल आबादी 23 लाख है, जिसमें से आधे से अधिक अब रफा में हैं। यहां हजारों लोग विशाल तम्बू शिविरों और भीड़ भरे संयुक्त राष्ट्र के आश्रयों में रह रहे हैं। आश्रय के अलावा यह रफा मदद का द्वार भी बन चुका है। दरअसल, गाजा पट्टी में लोगों और सामानों की आवाजाही तीन क्रॉसिंगों के जरिए होती है। इसमें पहला रफा क्रॉसिंग है जिसका नियंत्रण मिस्र के पास है। दूसरा इरेज और तीसरा केरेम शालोम क्रॉसिंग जिनका नियंत्रण इस्राइल करता है। युद्ध से पहले मानवीय सहायता के लिए केरेम शालोम प्राथमिक मार्ग था। यह और इरेज दोनों अब बंद हो गए हैं। इस तरह से रफा गाजा से अंदर और बाहर जाने का एकमात्र रास्ता रह गया है।

### पहले भी हो चुकी है फोन पर बात

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में, व्हाइट हाउस ने बताया था कि राष्ट्रपति बाइडन और नेतन्याहू के बीच फोन पर लगभग 45 मिनट तक बातचीत हुई थी। इस दौरान बाइडन ने गाजा पट्टी में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई में फलस्तीनी नागरिकों की बढ़ती मौत पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया था कि बाइडन और नेतन्याहू की बातचीत मुख्य रूप से गाजा में हमास द्वारा रखे गए शेष 132 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए चल रहे प्रयासों पर केंद्रित रही थी।

# ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक के लिए उपचुनाव के नतीजे बने मुसीबत,दो सीटों पर मिली करारी हार

**लंदन,16 फरवरी 2024।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव में दो सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, विपक्षी लेबर पार्टी ने शुक्रवार को इंग्लैंड में उपचुनाव जीतने के लिए मजबूत कंजर्वेटिव बहुमत को पलट दिया।

### दोहरी परेशानी पैदा करने वाले नतीजे

लेबर पार्टी के डैन एगन ने दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के किंग्सवुड की हाउस ऑफ कॉमन्स से जीत दर्ज की। वहीं पार्टी के जनरल किचन इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के वेलिंगबोरो में जीते। यह नतीजे, ब्रिटिश भारतीय नेता के लिए दोहरी परेशानी पैदा करने वाले हैं क्योंकि दिसंबर 2019 में बोरिस जॉनसन के नेतृत्व में पिछले आम चुनाव में कंजर्वेटिवों ने निर्णायक अंतर से दोनों सीटें जीती थीं।



### प्रवासन जैसे विवादास्पद मुद्दों पर दबाव

इतना ही नहीं अगर एक और बात पर ध्यान दिया जाए तो, पुनर्गठित आव्रजन विरोधी ब्रेक्सिट पार्टी, लिबरल डेमोक्रेट और ग्रीन पार्टी से आगे तीसरे स्थान पर रही, जिससे प्रवासन जैसे विवादास्पद मुद्दों पर कंजर्वेटिवों पर और दबाव बढ़ गया है। इस सप्ताह के चुनावों के परिणाम 2019 के आम चुनाव के बाद टोरी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए नौवीं और 10वीं उपचुनाव हार है।

### इसलिए हुए उपचुनाव

बता दें, टोरी नेता क्रिस स्किडमोर ने सुनक की हरित नीतियों के विरोध में सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके चलते एक बार फिर किंग्सवुड में उपचुनाव हुआ। लेबर के ईगन सीट पर 11,000 से अधिक के अपने बहुमत को पलटने में कामयाब रहे। वहीं, वेलिंगबोरो में किचन ने 18,000 से अधिक के बहुमत को पलट दिया।

लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टारर ने कहा, किंग्सवुड और वेलिंगबोरो के नतीजे दिखाते हैं कि लोग बदलाव चाहते हैं और इसे पूरा करने के लिए एक बदली हुई लेबर पार्टी में अपना विश्वास रखने के लिए तैयार हैं।

# जिला कांग्रेस ने किया किसानों के भारत बंद का समर्थन



\- संवाददाता -
**सूरजपुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।** एम एस पी की मांग को लेकर किसान आंदोलन के अंतर्गत आज भारत बंद के आह्वान का समर्थन करते हुये आज जिला कांग्रेस सूरजपुर ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस किसानों कि मांग का समर्थन करती है। किसानों को उनकी उपज का पूर्ण मूल्य मिलना ही चाहिए। हमारे नेता श्री राहुल गाँधी जी ने किसानों को एमएसपी देने कि गारंटी दी है। कांग्रेस सदैव से किसानों के साथ रही है और हमेशा रहेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े प्रदेश सचिव इस्माइल खान उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा जिला पंचायत सदस्य शशि सिंह पीसीसी सदस्य जफर हैदर शहर अध्यक्ष संजय डोसी, मनोज डालमिया, कुसुमलता राजवाड़े, सुनीता खाखा, संगीता राजवाड़े, मानमती, शरद सिंह, विजय ठाकुर, अमन रवि, दानिश हुसैन, सद्दाम अंसारी, जावेद खान, निशा सिंह, लीलावती, प्रदीप बंजारा, आशीष साहू, जीतेन्द्र सोनवानी, अमन साहू, राकेश सोनवानी, राहुल बंजारा आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत 9 मार्च को

\- संवाददाता -
**अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

जिले में 9 मार्च को होने वाले नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु कुल 24 खंडपीठों की स्थापना की गई है। खंडपीठों हेतु कलेक्टर सरगुजा, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार पीठासीन अधिकारी होंग तथा प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा नोडल अधिकारी होंगे। राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नेशनल लोक अदालत दिवस पर राजस्व दाण्डिक, भू-अर्जन, आरबीसी 6-4 व विविध प्रकरणों का निराकरण करेंगे तथा न्यायालय अवधि समाप्त होते ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी ई-मेल,व्हाट्सएप, फैक्स या विशेष वाहक के माध्यम से कलेक्टर सरगुजा के कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करेंगे।

# फिल्मी स्टाइल में मारपीट का वीडियो वायरल,तीन हिरासत में


\- संवाददाता -
**अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

शहर में फिल्मी स्टाइल में गैंगवार पनप रहा है। इसमें अधिकतर स्कूली बच्चे शामिल हैं। स्कूली बच्चों के बीच कई गुट बना हुआ है। जिनकी उम्र लगभग 16 से 22 वर्ष है। ये एक दूसरे के गल्ली मोहल्लों में जाकर मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से शहर के अंदर बच्चों के बीच मारपीट की घटना बढ़ी हुई है। लोग लाठी डंडे व धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ लडक़ों ने एक स्कूली छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे हैं। बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में छात्र के साथ मारपीट कर उससे अपने आतंक को दिखा रहे हैं। वहीं एक दूसरा वीडियो में चार से पांच बच्चे कार में सवार होकर गाली-गलौज कर रहे हैं और अपने आतंक को ललकार रहे हैं। कुल मिलाकर युवा पीढ़ी अपराध की दुनिया में पैर पसार रहा है। वहीं पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

# भाई भतीजावाद व भर्राशाही नपा में हावी

\- संवाददाता -
**सूरजपुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

यहां नगरपालिका की विवादित कार्यशैली से लोग परेशान हो गए है। भाई भतीजावाद व भर्राशाही नगर पालिका में हावी है जिसकी वजह से लगातार किरकिरी हो रही है। दुकान लेने के लिए सपने संजोए सैकड़ों लोगो के सामने उनके मंसूबे पर पानी फिरता दिखाई पड़ रहा है।उनको इंतजार था की 16 तारीख को नीलामी हो जाएगी जिसके लिए लोगो ने अमानत राशि के रूप में करोड़ों राशि जमा कर रखी है। एक बार फिर शुक्रवार को होने वाली दुकानों की नीलामी नपा को निरस्त करनी पड़ी है। जिसको लेकर बोली कर्ता में मायूसी देखी जा रही है उन्हे नीलामी निरस्त की वजह कोई स्पष्ट नही


कार्यालय नगर पालिका परिषद सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)
क्रमांक न.पा./स्थापना/2023-24 सूरजपुर दिनांक 15/02/24
सूचना
नगर पालिका परिषद सूरजपुर के नवनिर्मित गैयाभाग रोड सूरजपुर में स्थित 14+1=कुल 15 दुकानों का आम नीलामी दिनांक 16/02/24 को किया जाना था। अपरिहार्य कारणों से दिनांक 16/02/24 की दुकान नीलामी आगामी आदेश तक स्थगित की जाती है।

बता पा रहा है जिसको लेकर शहर में तरह तरह की चर्चाएं चल रही है।सुभाष चौक में 45 दुकानों का निर्माण कराया गया है।जिसको लेकर नपा विवादों में है।पहले जब इसकी नीलामी की तारीख तय की गई तो वहां नपा के नुमाइंदों व व्यापारियों के बीच भारी विवाद हुआ नोबत हाथापाई तक पहुँच गई थी।इसकी शिकायत सीएम तक से हुई और तब नीलामी पर रोक लगनी पड़ी।बाद में 14 दुकानों को छोड़ शेष की नीलामी की गई।और अब जब शेष 14 दुकानों की नीलामी की तारीख घोषित कर इच्छुक लोगों से पैसा जमा करा लिया गया तो फिर 16 फरवरी को होने वाली नीलामी पर रोक लगा दी गई।बताया गया है कि इसकी प्रक्रिया को लेकर शिकवा शिकायत का दौर चला जिसकी वजह से जिला प्रशासन ने इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया है।नपा के इस कार्यशैली से वे व्यापारी परेशान हो गए जिन्होंने नीलामी में बोली के लिए नपा में रकम जमा किये है।इधर हाल ही में स्वालंबन योजना के तहत बनी दुकानों को लाटरी निकल कर आबंटन किया गया था।जिसमे अपने अपनो को दुकान आबंटन कर दिए जाने से नाराज लोगो ने कलेक्टर से शिकायत की जिस पर जिला प्रशासन ने नाराजगी जाहिर की तो इस आबंटन को भी रद्द करना पड़ गया।इस तरह से नपा आये दिन अपनी विवादित कार्यशैली को

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार

\- संवाददाता -
**अंबिकापुर,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।**

नाबालिग से अनाचार का आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया है। घटना गुरुवार की रात कुन्नी चौकी की है। इस दौरान पुलिस गहरी नींद में सो रही थी।

घटना के बारे में कुन्नी चौकी प्रभारी राजेश्वर महंत ने बताया कि नाबालिग से अनाचार के मामले में कुन्नी पुलिस ने 15 फरवरी को रामलाल यादव पिता त्रिवेणी यादव 35 वर्ष निवासी पटकुरा कुकुर टांगा कुन्नी चौकी लखनपुर को गिरफ्तार किया था। मामले में 363, 376, पास्को एक्ट व एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत पूर्व में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी को चौकी में रखा था। देर रात पुलिस को सोता देख आरोपी मौके का फायदा उठाकर भाग निकला। आरोपी के भागने की सूचना पर पुलिस भी सकते में आ गई। अधिकारियों के निर्देश पर फरार आरोपी की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में कुन्नी पुलिस ने फरार आरोपी के विरुद्ध धारा 224 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



पूर्व में भी आम आदमी पार्टी ने सीएमएचओ को हटाने किया था आंदोलन,दिया था कलेक्टर को ज्ञापन

कांग्रेस शासनकाल में हुआ था सी एम एच ओ को हटाने के लिए आंदोलन,तब नहीं हुई थी कार्यवाही

# आम आदमी पार्टी ने एमसीबी जिले के स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ को हटाने फिर सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन











-रवि सिंह-
मनेन्द्रगढ़,16 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

नवीन जिले एमसीबी में आम आदमी पार्टी ने फिर एक बार स्वास्थ्य विभाग के सी एम एच ओ खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और अब आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फिर से सी एम एच ओ सुरेश तिवारी को हटाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी ने पांच बिंदुओं का मांग पत्र कलेक्टर एमसीबी को सौंपते हुए मांग किया है की जिले के सी एम एच ओ को तत्काल निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध जांच की जाए। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस शासनकाल में भी सीएमएचओ के विरुद्ध मोर्चा खोला था और उस समय भी उन्होंने यही मांग की थी। यहां बताना जरूरी है की एमसीबी जिले के सीएमएचओ सुरेश तिवारी जो की जिला मुख्यालय के ही निवासी हैं की आए दिन शिकायत सामने आते रहती है। उनके द्वारा शासकीय अस्पताल की जगह मरीजों का इलाज अपने निजी क्लीनिक में किया जाता है वहीं जांच की साथ ही दवाइयों की भी खरीदी के लिए अपने ही जांच केंद्र साथ ही दवाई दुकान से जांच कराने और दवा लेने का निर्देश मरीजों को दिया जाता है। यहां तक की वह शासकीय अस्पताल में भी इलाज करनें का शुल्क मरीज से ले लेते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य अपना निजी क्लीनिक चलाना है शासकीय अस्पताल केवल वह अपने स्वार्थ के लिए ही जाते हैं ऐसा उनपर लगातार आरोप लगता रहता है।

कांग्रेस शासनकाल में एक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के अभाव में मौत के बाद से ही सीएमएचओ को हटाने की आवाज उठने लगी थी क्योंकि सूचना मिलने पर भी वह विलंब से पहुंचे थे और इस दौरान मरीज की मौत हो गई थी और जिसके बाद मरीज के परिजनों ने काफी हो हल्ला मचाया था। आम आदमी पार्टी ने उस समय मामले को संज्ञान में लिया था और सीएम एचओ को हटाने की मांग उन्होंने की थी लेकिन तब सत्ता की ऊंची पकड़ से वह बच निकले थे और अब जब सत्ता परिवर्तन हुआ है आम आदमी पार्टी ने फिर से उन्हे हटाने की मांग की है वहीं उनके खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है क्योंकि आम आदमी पार्टी का कहना है की उनका ध्यान निजी क्लीनिक में ज्यादा रहता है और शासकीय अस्पताल वह बस एस ही जाते हैं। आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है और जिसमे स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ही उन्होंने कई मांग रखी है जिसमें सी एम एच को हटाना उनकी पहली मांग है जिसमे उनके निलंबन की मांग उनकी जांच की मांग प्रमुख है।

### सीएमएच को निलबित कर विभागीय जांच संस्थित की जाए यह है मांग

आम आदमी पार्टी ने जो मांग कलेक्टर कोरिया से की है उसमे पहली मांग है की जिले के सी एम एच ओ को पहले निलंबित किया जाए उसके बाद उनके विरुद्ध जांच की जाए। आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन में लिखा है की सी एम एच ओ अपने निजी क्लीनिक पर ज्यादा समय देते हैं और शासकीय अस्पताल की तरफ उनका ध्यान नहीं है।। कई बार उनके विलंब से आने के कारण कई मरीजों की मौत हो चुकी है जो गंभीर मामला है। निजी क्लीनिक निजी जांच केंद्र और दवा दुकान का संचालन कर वह आज शहर में काफी संपत्ति बना चुके हैं जिसकी जांच की भी मांग आम आदमी पार्टी ने की है। आम आदमी पार्टी का कहना है सी एम एच ओ का रवैया अड़ियल रुख वाला है जो मरीजों के लिए परेशानी खड़ा करता है।वह मरीजों से ठीक से बात भी नहीं करते । अस्पताल में अव्यवस्था का आलम है और मरीज परेशान रहते हैं जिस लिए इन्हे निलंबित कर इनके विरुद्ध जांच आवश्यक है।

### सीएमएचओ सहित बी एम ओ पद की दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए अर्जित कर चुके हैं अपार संपत्ति

आरोप यह भी है की यह दो दो पदों पर रहते हुए पद का दुरपयोग कर काफी धन अर्जित कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने यह भी एक गंभीर आरोप लगाया है। दो पदों की जिम्मेदारी अपने पास रखते हुए इन्होंने काफी मनमानी की है ऐसा आरोप लगाते हुए इनके विरुद्ध जांच की मांग की गई है। बता दें की डॉक्टर सुरेश तिवारी पहले बी एम ओ के पद पर थे और जब नया जिला गठित हुआ तब अपने प्रभाव से वह सी एम एच ओ भी बन गए और उन्होंने दो दो पदों पर काम करते हुए जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मनमाने तरीके से चलाया जिसके कारण उनके ऊपर यह आरोप लग रहे हैं क्योंकि उन्होंने काफी मनमानी की है।

### महिला चिकित्सक,सोनोग्राफी मशीन की भी हुई है मांग

आम आदमी पार्टी ने महिला चिकित्सक सहित सोनोग्राफी मशीन की भी मांग अस्पताल में की है जिससे मरीजों को अन्य जगह भटकना न पड़ें। जिले में यह सुविधा होने से मरीजों को सुविधा होगी यह आम आदमी पार्टी की मांग है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र सहायक की पूरी दबंगई चलती है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र सहायक की पूछ-परख कुछ ज्यादा है...

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भ्रष्ट नेत्र सहायक पर क्यों स्वास्थ्य विभाग मेहरबान है ?




-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,16 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां इन दोनों खूब सुर्खियां में है सुर्खियों की वजह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक की कार्यशैली है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ सरकारी कर्मचारी से बिल्कुल हटकर है। शासकीय कर्मचारियों की पदस्थापना तो होती हैं और समय के अनुसार हर कर्मचारी का स्थानान्तरण किसी अन्य जिले के लिए कर दिया जाता है। परंतु खड़गवां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ऐसे नेत्र सहायक चिकित्सक है जो पिछ्ले लगभग आठ दस सालों से एक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां में पदस्थ हैं। इस नेत्र सहायक चिकित्सक की कार्य शैली से पूरा विभाग अच्छी तरह से वाकिफ हैं। मगर किसी कर्मचारी में हिम्मत नहीं हैं जो इस नेत्र सहायक चिकित्सक को कुछ बोल सके या विरोध कर सके।

### शासन चाहे किसी भी पार्टी का हो चलती तो नेत्र सहायक की है...

छत्तीसगढ़ प्रदेश में चाहे किसी की भी पार्टी चाहे कांग्रेस हो या बीजेपी की सरकार हो मगर खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र सहायक चिकित्सक की कुर्सी आज तक कोई नहीं हिला सका । क्या नेत्र सहायक चिकित्सक को लगता है कि उन्हें कोई अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से स्थानान्तरण कर नहीं हटा सकता है। या ये कहा जाए कि लगभग आठ से दस साल से ये कुर्सी की रजिस्ट्री करा लिए हैं। नेत्र सहायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने नात रिश्तेदार को जीवन दीप के माध्यम से विभिन्न पदों पर पदस्थ कर कंपनी चला रहा है। इनकी शिकायत आला अधिकारियों से लेकर मंत्री तक कि गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र सहायक की कार्य शैली पर भ्रष्टाचार के सवाल भी खड़े हुए हैं? सूत्रों से ये जानकारी मिल रही है की नेत्र सहायक अपने सगे संबंधियों के नाम पर भी आई डी तैयार कर शासकीय प्रोत्साहन राशि का बंदरबांट कर लाखों रुपए की शासन को आर्थिक क्षति पहुचाए है? सूत्रों से ये भी जानकारी प्राप्त हो रही है अपने सगे संबंधी साले एवं अन्य लोगों के नाम पर विभाग में फर्जी बिल बनाए गए हैं और विभागीय कार्यों में उपयोग कर राशि की हेराफेरी हुई है। क्या शिकायतों के बाद भी उच्च अधिकारी नेत्र सहायक के करेंगे या पूर्व की सरकार की तरह भ्रष्ट नेत्र सहायक को भ्रष्टाचार की कोई नये कारनामे दिखाने के लिए छोड़ दिया जाएगा?

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने सौंपा ज्ञापन



-संवाददाता-
सूरजपुर,16 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

अपनी लंबित सात सूत्रीय मांगों को लेकर ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने प्रधान मंत्री,मुख्य मंत्री व महिला बाल विकास मंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा है। सौपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश की 1 लाख से अधिक ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शासकीय कर्मचारी बनाने की अपनी माँग लगातार करते आ रही है। इसके लिये लंबे समय से संघर्ष कर रही है। वर्षों से अपने विभाग के कार्यों के साथ-साथ शासन के अन्य विभागों के कार्य जैसे जनगणना, निर्वाचन आयोग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पोषण ट्रेकर एवं शासन द्वारा प्रदत्त अन्य सर्वेक्षण का कार्य निरंतर करते आ रहे हैं फिर भी हमारा वर्ग निर्धारित नहीं किया गया है। आज भी हमें समाज सेवक के रूप में देखा जाता है। शासन द्वारा निर्धारित श्रमिकों के न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत निर्धारित दर न्यूनतम वेतनमान भी हमें नहीं मिलता है परंतु कार्य कर्मचारियों जैसा लिया जाता है। वर्तमान में जो मानदेय है वह मंहगाई एवं कार्य के अनुसार बहुत ही कम है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार के द्वारा महिलाओं के सम्मान में बहुत सारी योजनाओं की शुरूवात कर सभी महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है, लेकिन शासन के अधीन एक ऐसा विभाग जिसमें महिलाओं द्वारा सभी शासकीय विभागों का कार्य किया जाता है उन्हें न तो सम्मानजनक ओहदा प्राप्त है और न ही सम्मानजनक महनताना, जिससे आँगनगाड़ी में कार्यरत महिलायें अपने परिवार का जीवन स्तर सुधार सकें। उन्होंने मांगो पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए इसे पूर्ण करने का निवेदन किया है।

### यह है मांगे...

कार्यकर्ता को तृतीय श्रेणी एवं सहायिकाओं को चतुर्थ श्रेणी समकक्ष नियमित वेतनमान देने, पर्यवेक्षक भर्ती प्रक्रिया को शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत पद पर कार्यकर्ताओं को वरीयता व योग्यता के आधार पर पदोन्नत,

### सहायिकाओं को शत प्रतिशत कार्यकर्ता के पद पर दोन्नति

मिनी आँगनगाड़ी को निःशर्त पूर्ण ऑगनबाड़ी बनाने, क्रश कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ता पद पर समायोजित करने सहित साड़ी की जगह ब्लेजर देने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौपने के दौरान जिलाध्यक्ष पुष्पा सरजाल, जिलाउपाध्यक्ष बसंती कुलदीप, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रावती समेत अन्य शामिल रही।



## मानिकपुर पुलिस ने पकड़ा कबाड़ चोर,तनवीर अहमद से दो लाख रुपयों का दस टन कबाड़ जप्त

-संवाददाता-
कोरबा,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले में कबाड़ चोरों की खैर नहीं है। एसपी के निर्देश पर कबाड़ चोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है,। पिछ्ले दिनों एसईसीएल के टीलाईन स्टोर से भारी मात्रा में कबाड़ की चोरी कर ली गई थी । जिसके चार आरोपी पकड़ में आए थे। इस मामले में एक और कबाड़ व्यवसायी तनवीर अहमद की संलिप्तता पाई गई और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तनवीर अहमद के रामनगर बायपास मार्ग पर स्थित यार्ड पर छापा मारा जहां दस टन कबाड़ को जप्त किया गया, जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपए आंकी गई है। तनवीर अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह में यूनिसेफ वोलेंटियर्स को किया गया सम्मानित

-संवाददाता-
कोरबा,16 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

ज़िला प्रशासन और पुलिस विभाग कोरबा द्वारा 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनिसेफ़,भारत स्काउट्स एवं गाइड्स,नेहरू युवा केंद्र संघटन के वॉलेंटियर्स को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ज़िले के कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सुरक्षा में सहयोग देने वाले वॉलंटियर्स को सम्मानित किया। सड़क सुरक्षा माह को 365 दिन के अभियान के रूप में चलाने की अपील की गई और लोगों से यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करने की बात कही गई। कार्यक्रम में ज़िले के कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, नगर पालिक निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, आईपीएस दर्री रोहित साय उपस्थित थे।

## कोरिया जिपं अध्यक्ष रेणुका जगदीश सिंह मोरपच्ची दिल्ली रवाना

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,16 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन दिनाक 17/02/24 से दिनाक 18/02/24 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में होने जा रहा है। जिसमे छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्रियों, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी साहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे है। राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने जिला पंचायत कोरिया की अध्यक्ष श्रीमती रेणुका जगदीश सिंह मोरपच्ची दिल्ली पहुंच गई है। इस अधिवेशन में भाजपा द्वारा किए गए विगत वर्षों में कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे मे समीक्षा करेगी एवम होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के रणनीति के बारे में चर्चा करेगी। केंद्र की मोदी सरकार के विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की योजना और सरचना पर चर्चा के साथ समीक्षा करेगी। इस अधिवेशन में मुख्य वक्ता के रूप में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष सहित अनेक केंद्रीय मंत्री का मार्गदर्शन मिलेगा। राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह दिनांक 18/02/2024 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अतिथि में संपन्न होगा।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु निविदा सूचना**

(1)निविदा संख्याः टीआरडी-बीएसपी-213-23-24, दिनांकः 14.02.2024. **कार्य का नामः** बिलासपुर डिवीजन में सीआईसी अनुभाग में इंजीनियरिंग कार्य अर्थात टीएसआर (पी), सीटीआर (एस), टीआरआर(एस) और टीआरआर(पी) के संबंध में ओएचई का प्रावधान/संशोधन। **निविदा मूल्यः** ₹ 66,47,059.53. **अमानत राशिः** ₹ 1,33,000.00. **निविदा जमा करने की तिथिः 07.03.2024 के 15:00** बजे तक।

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।

*वरि.मंडल विद्युत अभियंता(क.वि.)/ बिलासपुर*
सीपीआर/10/442

South East Central Railway @secrail

R.O.No.BSP/5249



**NAME CHANGE**

I AMRIT MINJ S/o BERNARD SAMUEL MINJ Resident of In front of Dashmesh Public School, Patpariya, Ambikapur,Surguja hereby declare thet I have changed my name from AMRIT MINJ to AMRIT KUMAR MINJ S/o BERNARD SAMUEL MINJ in all the Goverment approved Identity proofs to be used for various pur-pose in the future.

**Deponent Name:AMRIT KUMAR MINJ**
**Address:- In Front Of Dashmesh Public School Patpariya, Ambikapur, Surguja**



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारणस को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र स्व0 नन्दलाल निवासी बलसेडी थाना गाधीनगर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के माता स्व0 विफ ईया मृत्यु की दिनांक 13/07/2010 को स्थान निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदा अम्बिकापुर



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :- 12/02/2024

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in केरें https://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-स.क्रं. 1 से 3 रामानुजगंज एवं स.क्रं. 4 से 8 पत्थलगांव संभाग
03. स.क्रं. - द वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04/03/2024

| सरल क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 184 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज अंतर्गत अम्बिकापुर धनवार वाराणसी मार्ग (SH 2A) के कि.मी. 65,66,70,71,72,78, 88,/6-8-10, 89,90,91,92,96,97,98,99,100,101,106 एवं 111/4-6 कुल लंबाई 18.00 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 79.87 |
| 2 | 185 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वाड्रफनगर जिला बलरामपुर रामानुजगंज अंतर्गत अम्बिकापुर धनवार वाराणसी मार्ग (SH 2A) के कि.मी. 38/6-8-10, 39,40,41,42,43,44,45,46,47,49,55,56,57,58,59,60,63 एवं 64 कुल 18.60 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 79.38 |
| 3 | 186 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कुसमी जिला बलरामपुर रामानुजगंज अंतर्गत डीपाडीह उमको भुलसी करकली मार्ग (MDR) के कि.मी. 11,12,13=3.00 कि.मी. एवं बलरामपुर चांदो सामरी मार्ग के कि.मी. 36 से 42 एवं 49 से 61 कुल 20.00 कि.मी. में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 80.00 |
| 4 | 187 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 पत्थलगांव अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गी एवं ग्रामीण मार्गो में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य (प्रथम आपंत्रण) | 60.00 |
| 5 | 188 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 60.00 |
| 6 | 189 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 पत्थलगांव अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 40.00 |
| 7 | 190 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 पत्थलगांव अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 60.00 |
| 8 | 191 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 पत्थलगांव अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 60.00 |

जी नंबर-07787/3

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर पण्डल अम्बिकापुर

➤ बेस कीमती राजमोहिनी के पीछे की नजूल भूमि गबन मामले की प्रारंभिक जांच हुई पूरी सरगुजा कलेक्टर के टेबल पर पहुंची फाइल तत्काल हुई कार्यवाही की अनुशंसा...

➤ एसडीएम के जांच पर एफआईआर की हुई अनुशंसा...कलेक्टर ने जारी किया नोटसीट

➤ जमीन गबन मामले में एफआईआर दर्ज करवाने की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक पर

➤ जमीन गबन मामले में एफआईआर दर्ज करने से पहले कुछ दस्तावेज की कमियों को पूरा करने का कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को दिया है निर्देश

➤ प्रार्थी ने आईजी को शिकायत कर जमीन गबन मामले में दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

➤ घटती-घटना के मुहिम पर एक बार फिर लोगों का बढ़ा भरोसा...मामला पहुंचा कार्यवाही तक

➤ राजमोहिनी के पीछे की 111 एकड़ भूमि की भी कराई जाए जांच...यदि हो गई निष्पक्ष जांच तो शासन की गोचर भूमि जो निजी हो गई थी शासन को आ सकती है वापस

➤ राजमोहिनी के पीछे के 111 एकड़ भूमि की हुई जांच तो खुलेंगे कई राज

➤ 4 एकड़ 25 डिसमिल नजूल भूमि के गबन मामले में एफआईआर का इंतजार

➤ बंसू लोहार पर क्यों मेहरबान हुआ राजस्व विभाग... नाबालिक अवस्था में उसके नाम जारी हो गया पट्टा?

➤ नजूल भूमि की निष्पक्ष तरीके से हुई जांच तो कई अधिकारी सहित कर्मचारी जा सकते है जेल...

➤ इस मामले की जांच कलेक्टर सरगुजा ने निष्पक्ष कर दी और एफआईआर दर्ज हो गई तो अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही मानी जाएगी...




# घटती-घटना खबर का बड़ा असर


## अंबिकापुर राजमोहिनी के पीछे की नजूल भूमि के गबन मामले कलेक्टर ने की एफआईआर की अनुशंसा



-भूपेन्द्र सिंह-
अंबिकापुर, 16 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के अंबिकापुर शहर का बहुचर्चित मामला बंशु आ.भुटकुल लोहार भूमि मामला का आया है जिस पर नजूल भूमि का गबन करने का आरोप लगा है यह मामला इसलिए चर्चित है क्योंकि यह शहर के हृदय स्थल राजमोहिनी के पीछे की भूमि का मामला है जो चोरी छुपे नियम विरुद्ध तरीके से बंशु लोहार के नाम हो गया था, इसके पीछे बहुत बड़े भूमाफिया का हाथ है और कई राजस्व के अधिकारी कर्मचारी भी इस मामले में संलिप्त थे,जिस मामले को लेकर दैनिक घटती-घटना ने लगातार खबर प्रकाशित कर कमियों को उजागर करने का काम किया था,जिस पर सरगुजा कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लेते हुए इस मामले में जांच करवा कर एफ आईआर दर्ज करने की अनुशंसा कर दी है पर इसमें कुछ दस्तावेजों की कमी है जिसे पूरा कर एफआईआर दर्ज करने अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक को जिम्मा दिया गया है।

बता दें की अंबिकापुर शहर के हृदय स्थल में राजमोहिनी भवन स्थित है उसके ठीक पीछे की नजूल भूमि का एक निजी भूमि में तब्दील हो गई और जो भूमाफियाओं के और राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता की वजह से हो सकी जिसको लेकर घटती-घटना ने मामले को लगातार उजागर किया जिसके बाद वर्तमान कलेक्टर का ध्यान इस ओर आकृष्ट हुआ और उन्होंने मामले को गंभीर मानकर मामले में जांच का आदेश दिया जिसके बाद अब मामले में एफआईआर की तैयारी है। पूरे मामले में घटती-घटना का समाचार आधार बना और अब कार्यवाही की तैयारी प्रशासन कर रहा है। मामला नजूल भूमि के गबन से जुड़ा होने की वजह से कलेक्टर ने एसडीएम स्तर की जांच कराई और प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया। एसडीएम की जांच के बाद कलेक्टर ने एफआईआर की अनुशंसा कर दी है। अब अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक को जिम्मेदारी दी गई है कि वह मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी करें। मामले में कार्यवाही के बाद एक बार फिर घटती घटना की मुहिम पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। घटती-घटना लगातार भ्रष्टाचार से जुड़े मामले उजागर निष्पक्षता से करता चला आ रहा है और इस मामले में भी घटती-घटना ने यह साबित किया की सत्य की जीत तभी संभव है अन्याय की हार तभी संभव है जब लोकतंत्र का चौथा स्तंभ अपना काम निष्पक्षता से करता रहे। अब यदि राजमोहिनी के पीछे की 111 एकड़ गोचर भूमि की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो उसमे भी कई राज उजागर हो सकते हैं वहीं वह भूमि भी शासन को वापस मिल सकती है।



कार्यालय कलेक्टर (अम्बिकापुर) जिला–सरगुजा छत्तीसगढ
दूरभाष 07774-220701, फैक्स 07774-240601, ई-मेल surguja.cg@nic.in

:: आदेश ::

अम्बिकापुर दिनांक 13/02/2024

कमांक/1392/वित्त स्था0/न.क्र.--/2024 : : जिला स्थापनान्तर्गत कार्यरत निम्नानुसार कर्मचारियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण से आगामी आदेश पर्यन्त उनके नाम के समक्ष कॉलम नंबर 05 में अंकित कार्यालय में कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है:–

| क्र. | कर्मचारी का नाम | पदनाम | वर्तमान पदस्थापना/कार्यस्थल | नवीन कार्यस्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | श्री अजय कुमार तिवारी | सहायक ग्रेड-02 | जिला कार्यालय (नजूल शाखा) | अनुविभागीय अधिकारी (रा0) धौरपुर जिला–सरगुजा |
| 02 | श्री संजय कुमार मानिकपुरी | सहायक ग्रेड-03 | जिला कार्यालय (अति0वरिष्ठ लिपिक शाखा) | जिला कार्यालय (नजूल शाखा) |


उपरोक्त कर्मचारियों के वेतन भत्तों का भुगतान पूर्ववत् मूल पदस्थापना स्थल से वेतन न्यास के आधार पर होता रहेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
जिला–सरगुजा

पृ0क्र0/1393/वित्त स्था0/न.क्र.--- /2024 अम्बिकापुर दिनांक 13/02/2024

प्रतिलिपि:–
1– आयुक्त, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर।
2– अपर कलेक्टर (सर्व) जिला कार्यालय अम्बिकापुर।
3– अनुविभागीय अधिकारी (रा0) धौरपुर जिला–सरगुजा।
4– प्रभारी अधिकारी नजूल शाखा/अति0वरिष्ठ लिपिक शाखा जिला कार्यालय अम्बिकापुर।
5– जिला कोषालय अधिकारी अम्बिकापुर जिला–सरगुजा।
6– तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला– सरगुजा।
7– अधीक्षक/स्टेनो टू कलेक्टर जिला सरगुजा।
8– सर्व संबंधित श्री/ ..........
को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।



प्रति,

श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक महोदय सरगुजा रेंज अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग.

आवेदक :– कमल सिंह आ. स्व. ... सिंह उम्र – 62 वर्ष पेशा – पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता निवासी – ... व तहसील अम्बिकापुर जिला –सरगुजा छ.ग.

प्रति

अनावेदकगण :– 1.निलम टोप्पो तात्कालिन नजूल अधिकारी अम्बिकापुर सरगुजा छ.ग.
2.नारायण सिंह (नजूल राजस्व निरिक्षक) नमनाकला अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग.
3.गणेशदत्त मिश्रा पटवारी अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग.
4.अजय तिवारी लिपिक नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला –सरगुजा छ.ग.
5.आकाश कुमार अग्रवाल आ.सतीश अग्रवाल वार्ड नं.23 निवासी – घुटरापारा चांदनी चौक अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग. मोबाईल नम्बर :– 9340632004
6.तुलसी अग्रवाल आ.विश्वम्भर दयाल अग्रवाल निवासी – सदर रोड अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग. मो.नं.:– 62689 22454
7.शेखर अग्रवाल आ. सतीश अग्रवाल उम्र 33 वर्ष निवासी – घुटरापारा चांदनी चौक अम्बिकापुर थाना व तहसील – अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग.मो.न.:–9753649595
8.अभिषेक नागदेव आ.महेश नागदेव उम्र 23 वर्ष निवासी – वार्ड नम्बर 23 जोड़ापीपल महाराजा गली अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग. मो.नं.:– 8962347266
9.अनुशा नागदेव पत्नि महेश नागदेव उम्र 42 वर्ष निवासी – जोड़ापीपल महाराजा गली थाना व तहसील – अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग. मो. नं.:– 8962947266
10.दिनेश कुमार आ. विकास अग्रवाल उम्र – 49 वर्ष निवासी – खरसिया रोड कुण्डला सिटी नगर अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग.
11.महेश कुमार केडिया आ. संतोष कुमार केडिया उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 11 मनेन्द्रगढ रोड मारुति शोरुम के पास पटपरिया नगर अम्बिकापुर
12.सतीश शमा आ. रोधेश्याम शर्मा उम्र 48 वर्ष अग्रसेन वार्ड दरोगा कुँआ नगर अम्बिकापुर जिला – सरगुजा छ.ग.

### क्या है बंशु लोहार आत्मज भुटकुल का पूरा मामला

आवेदक की मानें तो नगर अम्बिकापुर में राज मोहनी भवन के पास मोहल्ला नमना कला अंबिकापुर में खसरा नंबर 243 स्थित है,उक्त भूमि पूर्व में 111.40 एकड़ भूमि थी। जो कालांतर में शासकीय प्रयोगों के लिए उपयोग में लाई गई और कुछ भूमि पर शासन के द्वारा पट्टा प्रदान किया गया तथा इसी से संबंधित भूमि पर व्यवहारवाद क्रमांक 41-ए-90 निर्णय दिनांक 23.09.1991 विचाराधीन था जिस पर निर्णय पारित किया गया है और वर्तमान में उक्त भूमि का प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय,बिलासपुर में विचाराधीन है। उक्त भूमि वर्तमान नक्शे में दत्ता कॉलोनी की भूमि खसरा नंबर 243 को भूमि डिग्री भूमि 233 के भाग में फर्जी तौर से समाहित कर नक्शा तैयार किया गया है। जबकि 233 खसरा नंबर भूमि का प्रकरण व्यवहारवाद में विचाराधीन था। जिसका अभी निराकरण नहीं होना बताया जा रहा है। इसी दौरान तात्कालीन नजूल अधिकारी,अंबिकापुर के न्यायालय में भू-माफिया द्वारा बंशु आ0 भुटकुल लोहार निवासी-फुन्दुरडिहारी,अंबिकापुर जिला सरगुजा के माध्यम से एक राजस्व प्रकरण./अ-6/2021-22 में दिनांक 06.10.2022 को आदेश पारित किया गया है कि बंशु आ0 भुटकुल के द्वारा नजूल भूमि खसरा नंबर 154,243/10 रकबा क्रमशः 0.934,1.710 भूमि का पट्टा तहसीलदार अंबिकापुर द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 1967-68 आदेश दिनांक 15.04.1968 के माध्यम से मोहल्ला नमना कला नगर अंबिकापुर में स्थित नजूल भूमि भू खण्ड क्रमांक खसरा नंबर 154, 243/10 रकबा क्रमशः 934, 1.710 का पट्टा प्रदान किया गया है। किन्तु राजस्व अभिलेखों में नाम विलोपित हो गया है। जिसके आधार पर तात्कालीन नजूल अधिकारी तथा नजूल अधिकारी के लिपिक तिवारी एवं हल्का पटवारी गणेश मिश्रा व राजस्व निरीक्षक नारायण सिंह द्वारा मिलकर शासन की 60 करोड़ रूपये की भूमि का 04 करोड़ रूपये का मिलकर भू-माफियाओं से अवैध धन की उगाही कर भ्रष्टाचार कर नियम विरूद्ध शासकीय भूमि को बंशु आ0 भुटकुल के नाम दर्ज करने का आदेश दिनांक 06.10.2022 को पारित करवा कर उक्त भूमि को अवैध प्लाटिंग कर 15-15 लाख रूपये प्रति डिसमिल से विक्रय किया जा रहा है। यह बहुत बडे भू-माफियाओं से मिलकर किया गया भूमि घोटाला है। जिसकी जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तथा इसमें सम्मिलित व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना न्यायहित में जनहित के लिए आवश्यक है।

### भूमि सरगुजा स्टेट सेटेलमेंट के अनुसार गोचर मद में था दर्ज

जबकि उक्त भूमि नगर सीमा से सटी हुई है,जिसके अनुसार वह भूमि राजस्व पुस्तक परिपत्र के अनुसार किसी भी परिस्थिति किसी को 01 वर्ष से अधिक के लिए कृषि कार्य से अतिरिक्त पट्टे पर प्रदान नहीं की जा सकती साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि सरगुजा स्टेट सेटेलमेंट के अनुसार गोचर मद में दर्ज है, जिसका किसी भी स्थिति में पट्टा प्रदान नही किया जा सकता है। इन सब तथ्यों का प्रकरण में विद्यमान होने के बाद भी तत्कालीन नजूल अधिकारी ने उक्त विधि विरूद्ध आदेश पारित कर शासन को 60 करोड़ रूपये की क्षति पहुंचाई है जिसकी जांच उच्च स्तरीय स्तर पर कर कार्यवाही किया जाना आवश्यक जान पड़ता है। क्योंकि यह राजस्व पत्रों की हेराफरी कर भू-माफियाओं से मिलकर तात्कालीन नजूल अधिकारी तथा उनका लिपिक और नमनाकला का हल्का पटवारी गणेश मिश्रा एवं राजस्व निरीक्षक(नजुल) नारायण सिंह और भू माफिया के द्वारा किया गया भूमि घोटाला बताया जा रहा है,जिसकी जांच करने से स्पष्ट रूप से पता चलेगा कि किस तरह से राजस्व अधिकारी भू माफियाओं से मिलकर सरगुजा जिले और खास तौर से अंबिकापुर तहसील में भूमि का करोड़ो घोटाला कर रहे हैं।

### कहीं दस्तावेज की फाइल गायब तो नहीं हो गई?

वही यह मामला इतना चर्चित हो चुका है कि इसमें कई लोगों पर कार्यवाही होनी है जिस वजह से अंदर खाने में इसमें सम्मिलित लोग डरे हुए हैं यही वजह है कई महत्वपूर्ण फाइल भी कहीं गुम ना हो जाए,ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है, अब देखना यह है कि जो फाइल व दस्तावेज आवेदक मांग रहा है उसे अभी तक नहीं मिली है, पर यदि वह फाइल व दस्तावेज है तब तो एसडीएम साहब ने निष्पक्ष जांच की होगी और यदि नहीं है तो फिर यह भी सवाल है कि आखिर उन दस्तावेजों के के बिना एसडीएम साहब ने कैसे निष्पक्ष जांच की है?

### क्या छः रजिस्ट्री में शामिल गवाह संदेह के दायरे में?

बंशु आत्मज भुटकुल लोहार के भूमि रजिस्ट्री में दस्तखत किए गवाह रमन शुक्ला,नितिश गुप्ता,अभिषेक नागदेव,आकाश कुमार अग्रवाल,तुलसी अग्रवाल,बंशु लोहार (विश्वकर्मा) को व्यक्तिगत पहचानते-जानते थे या भूमि के बंदरबाट में शामिल होने के एवज में बिना सोचे-समझे गवाही देकर रजिस्ट्रार के समक्ष दस्तखत कर उक्त भूमि के रजिस्ट्री को वैध बनाने में मदद किए?

### आवेदक ने बंशु लोहार के नाम पट्टा कैसे बना इसकी जानकारी व दस्तावेज की मांगा की पर मिला नहीं

बंशु लोहार का पट्टा किन दस्तावेजों के आधार पर बना इसकी जांच की जाए तो सारे मामले खुल जाएंगे और जो दस्तावेज के आधार पर बना है पट्टा, उसी दस्तावेज को पाने के लिए लगातार आवेदक आवेदन कर दस्तावेज मांग रहा है पर विभाग देने को तैयार नहीं है अब इसके पीछे की वजह क्या है इसका तो पता नहीं पर क्या वह फाइल गुम हो गई है? ऐसा संदेह हो रहा है क्योंकि यदि फाइल मिल गई तो उसमें छेड़छाड़ करने वाले लंबा नप सकते हैं।

## फर्जी तौर से आगे के पन्नों में नाम उल्लेखित करने का लेख आदेश में क्यों किया गया?

बंशु आ0 भुटकुल लोहार निवासी-फुन्दुरडिहारी,अंबिकापुर जिला सरगुजा के मामले में उल्लेखनीय है कि राजस्व प्रकरण क्रमांक 107/अ-19/1967-68 आदेश दिनांक 15.04.1968 के अनुसार अंबिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 243/10 रकबा 4.25 एकड़ भूमि बंशु आ0 भुटकुल लोहार को भूमि प्राप्त हुई। खसरा पंचशाला वर्ष 1967-68 से वर्ष 1972-73 के आधार पर वर्ष में 241 के बाद 243/11 के बीच का पन्ना पृष्ठ क्रमांक 89 एवं 90 नहीं पाया गया,जिसके आभाव में खसरा कमांक 243/10 के स्वामित्व के संबंध में उल्लेखित नहीं किया जा सका। जो यह प्रमाणित करता है, कि उक्त वर्ष के खसरा पंचशाला में उसका नाम दर्ज नहीं है, जिस कारण से उक्त खसरा पंचशाला पृष्ट क्रमांक 89 व 90 को फाड़ कर हटा दिया गया है ताकि सच्चाई प्रदर्शित न हो सके और फर्जी तौर से आगे के पन्नों में नाम उल्लेखित करने का लेख आदेश में किया गया है। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि उक्तभूमि में वर्तमान में कई लोग निवासरत है तथा घनी आबादी की भूमि है, उस पर उसका कब्जा बताया जा रहा है तथा यह भी उल्लेखित किया जा रहा है कि चालू नक्शे के अनुसार भू-खण्ड कमांक 243/10 में आवेदक का कभी कब्जा नहीं रहा है। उसका चालू नक्शे के अनुसार 243/1 रकबा 38 एकड़,15 डिसमिल जो कि शासकीय नजूल भूमि का भाग है जो मौके पर खुली एवं परत भूमि है। उस भूमि पर कब्जा होने के कारण उसे 243/10 जो कि राजस्व भूमि बतायी गई थी के स्थान पर 243/1 में से रकबा 1.710 हेक्ट0 यानी 4 एकड़,25 डिसमिल भूमि नजूल का नामांतरण किया जाना उचित प्रतीत होने से नाम दर्ज करने का आदेश दिया गया है। यह कैसे संभव है,कि किसी को यदि कोई पट्टा राजस्व भूमि का 243/10 का यदि मिला भी होगा तो उसे उसके स्थान पर लगभग 55 साल के बाद नया भू-खण्ड 243/1 मे से 04 एकड़,25 डिसमिल भूमि में नाम दर्ज करने का आदेश दे दिया जाये साथ ही उसे राजस्व भूमि की तरह संबंधित अधिकारी ने भू माफियाओं से मिलकर तत्काल बेचने के उद्देश्य से दिनांक 07.10.2022 का नवीन संशोधन का उल्लेख करते हुए उसे 20 वर्ष पूर्ण करने के आधार पर भू स्वामी अधिकार भी प्रदान कर दिया है। राजस्व विभाग के जानकारों की मानें तो नियम विरुद्ध तरीके से लगभग 60 करोड़ रूपये की भूमि का फर्जी तौर से नामांतरण कर दिया गया। जिस व्यक्ति के नाम जमीन का नामांतरण किया गया उसका कब्जा कभी भी उस जमीन पर नहीं था लेकिन विभागीय सूत्रों की माने तो चार करोड़ रूपये की सेटिंग में कुछ कर्मचारियों ने फर्जी तरीके से जमीन का नामांतरण कर दिया। नामांतरण से पहले ही जमीन पर दूसरे लोगों का निर्माण था। राजस्व अभिलेखों में नाम अंकित होते ही संबंधित व्यक्ति ने उक्त जमीन को नियम विरुद्ध तरी? से बेचना भी शुरू कर दिया है। मामले में नजूल अधिकारी व कार्यालय के एक लिपिक और नमनाकला के हलका पटवारी तथा नजूल निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध है। मामले की शिकायत कमल सिंह व मनीष सिंह ने अलग-अलग आवेदन के माध्यम से उक्त भूमि गबन के संबंध में कलेक्टर सरगुजा से शिकायत की है पर शिकायत के एक महीना बीत जाने के बाद भी मामले में कोई ठोस कार्यवाही होता नजर नहीं आ रहा है। जबकि शिकायतकर्ताओं की मानें तो उक्त भूमि गबन के मामले में उच्च स्तरीय जांच हो जाने पर एक बड़े फर्जीवाड़े के साथ उक्त भूमि के खरीद-फरोख्त में शामिल नजूल विभाग के तत्कालीन अधिकारी-कर्मचारी सहित धनाड्यों के साथ दस्तावेज में कूटरचना करने वाले लोगों को जेल जाने से नहीं रोका जा सकता पर यहां सबसे बड़ी विडम्बना मामले में देखने को मिल रहा है कि इतने बड़े भूमि गबन के मामले में वह कहावत कि ''बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे'' पर अटका हुआ है।

### मामले से जुड़े कुछ तथ्य व सवाल

- 01/01/1951 में जन्मे बंशु लोहार को 1967-68 में कैसे जारी हुआ पट्टा?
- राजस्व भू-नक्शा 243/10 रकबा 4 एकड़ 25 डिसमिल व खसरा 154 रकबा 2 एकड़ 30 डिसमिल भूमि की सुनवाई तत्कालीन नजूल अधिकारी नीलम टोप्पो कैसे किये तथा अपने तबादला से एक दिन पहले आदेश क्यों दिये?
- राजस्व की भूमि को नजूल भूमि में बदले में 6 महीने से भी कम समय लगने के पीछे राज क्या?
- बिना कब्जे के नजूल भूमि को बंशु लोहार को देने के पीछे क्या है राज?
- आखिरकार खसरा नंबर 154 रकबा 2.30 एकड़ व 243/10 रकबा 4.25 एकड़ की भूमि के भ्रष्टाचार में आवेदक के आरोप का जॉच लम्बित रखने के पीछे क्या है राज?
- बंशु लोहार के पट्टा निराकरण स्वीकृति आवेदन में अधूरा मोबाईल नम्बर किस भू-माफिया का?
- छः महीने में बंशु लोहार के आवेदन का निराकरण कर क्यों करोड़ो में बेचा गया भूमि?
- बंशु लोहार (विश्वकर्मा) पट्टा प्राप्त करते समय अंगूठा छाप था तो रजिस्ट्री के समय हस्ताक्षर कैसे किया?
- बंशु लोहार निर्धन मजदूर के नाम पर पट्टा विवाद का निराकरण करा आनन-फानन में क्यों बेचा अभिषेक नागदेव,अनुशा नागदेव,शेखर अग्रवाल, महेश कुमार केडिया,सतीश शर्मा, व दिनेश कुमार को?
- बंशु लोहार के द्वारा किये गये सभी रजिस्ट्री में दिये गये पेन कार्ड में हस्ताक्षर वाले स्थान पर पट्टी (हस्ताक्षर छुपाने) क्यों लगाया?
- बंशु लोहार के परिजनों की माने तो उसके बैंक खाता से किसी गोलू सेठ ने पैसा क्यों निकाला?

CMYK

# न्यूजीलैंड पहली बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीता

» दूसरा मैच 7 विकेट से हराया
» विलियमसन ने स्मिथ से तेज 32 वां शतक लगाया

**हैमिल्टन, 16 फरवरी 2024।** न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने दो टेस्ट की सीरीज 2-0 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने अपने टेस्ट इतिहास में पहली बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती।

हैमिल्टन के सेडन पार्क में दूसरा टेस्ट जीतने के लिए न्यूजीलैंड को 267 रन का टारगेट मिला था। शुक्रवार को चौथे दिन न्यूजीलैंड ने 3 विकेट खोकर ही टारगेट हासिल कर लिया। पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने नाबाद 32 वां शतक लगाया। विल यंग ने नाबाद 60 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका से तीनों विकेट डैन पीट ने लिए।

विलियमसन ने अपना 32 वां शतक लगाने के लिए महज 172 पारियां लीं। जो दुनिया में सबसे तेज है। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने 174 पारियों में 32वां शतक लगाया था।

### साउथ अफ्रीका को पहली पारी में 31 रन की बढ़त मिली

न्यूजीलैंड टीम ने आज चौथे दिन अपने 40/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम को दो झटके लगे। टॉम लैथम 30 और रचिन रवींद्र 20 रन बनाकर आउट हुए।

पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 242 और न्यूजीलैंड ने 211 रन बनाए थे। दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका 235 रन पर ऑलआउट हो गया, लेकिन पहली पारी की 31 रन की बढ़त के आधार पर न्यूजीलैंड को 267 रन का टारगेट मिला।

### विलियमसन ने सबसे कम पारियों में 32 शतक लगाए

केन विलियमसन ने मैच की दूसरी पारी में नाबाद 133 रन की पारी खेली। 260 बॉल की पारी में उन्होंने 12 चौके और दो छक्के लगाए। विलियमसन का 32वां टेस्ट शतक सिर्फ 172 पारियों में आया। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 32 शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड स्टीव स्मिथ के नाम था। स्मिथ ने 174 पारियों में ऐसा किया था।




### न्यूजीलैंड ने पहले मैच में साउथ अफ्रीका को 281 रन से हराया

न्यूजीलैंड ने पहली बार टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका को हराया है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच कुल 17 टेस्ट सीरीज खेली गई थी, जिसमें 13 सीरीज साउथ अफ्रीका जीती थी। जबकि चार सीरीज ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने सीरीज के पहले मैच में मेहमान साउथ अफ्रीका को 281 रन से हराया था।

### तीसरे दिन न्यूजीलैंड को 267 का टारगेट

हैमिल्टन के सेडन पार्क में दूसरा टेस्ट जीतने के लिए न्यूजीलैंड को 267 रन का टारगेट मिला। साउथ अफ्रीका दूसरी पारी में 235 रन पर सिमट गया। टीम से डेविड बेडिंघम ने शतक लगाया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने भी एक विकेट के नुकसान पर 40 रन बनाए।

### दूसरे दिन न्यूजीलैंड ऑलआउट

हैमिल्टन टेस्ट के दूसरे दिन साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 242 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पारी शुरू की और टीम दिन का खेल खत्म होने से पहले ही ऑलआउट हो गई। होम टीम ने पहली पारी में 211 रन बनाए, उनके लिए कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका।

### पहले दिन साउथ अफ्रीका ने गंवाए 6 विकेट

हैमिल्टन में साउथ अफ्रीका ने मंगलवार को पहले बैटिंग की। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाए। न्यूजीलैंड से रचिन रवींद्र ने 3 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से डे स्वार्ट 55 और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

न्यूजीलैंडः टिम साउदी (कप्तान), टॉम लैथम, डेवोन कॉन्वे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, विल यंग, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मैट हेनरी, नील वैगनर और विलियम ओरूर्के।

साउथ अफ्रीकाः नील ब्रांड (कप्तान), क्लाइड फोर्च्यून, रेनार्ड वान टोंडर, जुबैर हमजा, डेविड बेडिंघम, कीगन पीटरसन, रुआन डे स्वार्ट, शॉन वॉन बर्ग, डेन पीड्ट, शेफो मोरेकी और डेन पैटरसन।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ईशान किशन ने फिर किया बी सी सी आई के निर्देशों को नजरअंदाज

#### रणजी ट्रॉफी के अंतिम चरण को भी छोड़ा



**नई दिल्ली, 16 फरवरी 2024।** युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गलती पर गलती किए जा रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने बीसीसीआई के आदेशों को नजरअंदाज किया है। दरअसल, उन्होंने झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी मैचों के अंतिम दौर से बाहर होकर घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में बहस फिर से शुरू कर दी है।

हाल ही में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने स्पष्ट किया कि सभी फिट केंद्रीय अनुबंध खिलाड़ियों को घरेलू मैचों में भाग लेना होगा। उन्होंने खिलाड़ी के विकास में घरेलू टूर्नामेंटों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अगर आप फिट हैं तो कोई बहाना नहीं चलेगा।

फिट होने के बावजूद किशन का रणजी ट्रॉफी छोड़ने का फैसला प्रथम श्रेणी क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाता है। किशन व्यक्तिगत कारणों से अपनी अनुपस्थिति को उचित ठहराते हैं, उनके कार्य बीसीसीआई के आदेश के विपरीत हैं और संभावित रूप से राष्ट्रीय टीमों के लिए उनके भविष्य के चयन को प्रभावित कर सकते हैं।

### भारत की दीपा, प्रणति ने विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल के लिए क्वॉलीफाई किया

**नई दिल्ली, 16 फरवरी 2024।** स्टार भारतीय वॉल्टर दीपा करमाकर और प्रणति नायक ने शुक्रवार को मिस्र के काहिरा में विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दीपा ने 13.449 के स्कोर के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दूसरी ओर, प्रणति ने 13.166 के स्कोर के साथ फाइनल राउंड में अपना स्थान पक्का किया। भारतीय जिम्नास्टों के फाइनल में पहुंचने के बाद, भारतीय खेल प्राधिकरण ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर दीपा और प्रणति को विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में उनके आगामी कार्यक्रम के लिए बधाई दी।भारत की अद्भुत लड़कियां जिम्नास्टिक विश्व कप के वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालिफाई करती हैं। आइए इसे दीपा और प्रणति के बारे में सुनें जिन्होंने क्रमशः 13.449 और 13.166 के स्कोर के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई और फाइनल के लिए शुभकामनाएं।



## हैदराबाद के अधिकांश प्रशंसक हमारा समर्थन करेंगे

**पंचकुला, 16 फरवरी 2024।** प्रो कबड्डी लीग का समापन सिर्फ दस दिन दूर है क्योंकि पांच टीमों ने पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। हरियाणा स्टीलर्स, जिन्हें अंतिम प्लेऑफ़ स्थान की पुष्टि करने के लिए केवल एक जीत की आवश्यकता है, प्लेऑफ़ चरण में पुनेरी पलटन, जयपुर पिंक पैंथर्स, दबंग दिल्ली केसी, पटना पाइरेट्स और गुजरात जायंट्स के साथ शामिल होने की कोशिश करेंगे क्योंकि वे अपना होम लेग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। हैदराबाद में कबड्डी के दीवाने प्रशंसकों के सामने खेलने के बारे में पूछे जाने पर जयपुर पिंक पैंथर्स के कप्तान सुनील कुमार ने कहा, हैदराबाद में प्रशंसक हमारा बहुत समर्थन करते हैं। राहुल चौधरी, जो प्रो कबड्डी लीग के पोस्टर बॉय हैं। हैदराबाद में सबसे अधिक प्रशंसक हैं। मुझे लगता है कि प्लेऑफ़ के दौरान अधिकांश प्रशंसक हमारा समर्थन करेंगे। हम हैदराबाद में प्लेऑफ़ खेलने के लिए उत्साहित हैं। पंचकुला चरण में बेंगलुरु बुल्स के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप गेम के बाद अपने प्लेऑफ़ मुकाबले के लिए एक सप्ताह के ब्रेक के साथ, दबंग दिल्ली के.सी. कप्तान आशु मलिक ने कहा, हम अपने प्लेऑफ़ मैच से पहले एक सप्ताह के ब्रेक के दौरान कड़ी मेहनत करेंगे। कोच ने निश्चित रूप से हमारे लिए एक प्रशिक्षण दिनचर्या को ध्यान में रखा है और हम उसके अनुसार काम करेंगे ताकि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। उन महत्वपूर्ण मैचों में।




इस बीच, पुनेरी पलटन के कप्तान असलम इनामदार ने कहा कि उनके आखिरी लीग-स्टेज मैच और सेमीफाइनल के बीच का अंतर खिलाड़ियों को किसी भी तरह की चोट से उबरने में मदद करेगा, हमारे आखिरी लीग मैच और सेमीफाइनल के बीच लंबा अंतर होगा। हमें कठिन अभ्यास करने और अपनी रणनीति तैयार करने का समय दें। सभी खिलाड़ियों के पास आराम करने और सेमीफाइनल के लिए पूरी तरह से फिट होने का समय होगा। हम अपने हाल के मैचों में की गई गलतियों को भी सुधारेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन खेलेंगे। प्लेऑफ़ मैचों में अतिरिक्त दबाव के बारे में इनामदार ने कहा, नॉकआउट मैचों में निश्चित रूप से अधिक दबाव होता है। हमें दबाव को अच्छी तरह से संभालना होगा। हमने पिछले सीजन में सेमीफाइनल और फाइनल खेला था। आपके पास हार से वापसी करने का हमेशा मौका होता है। लीग चरण के दौरान, लेकिन आप नॉकआउट खेलों में ऐसा नहीं कर सकते। पुनेरी पल्टन और जयपुर पिंक पैंथर्स ने शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली है, जबकि दबंग दिल्ली केसी, पटना पाइरेट्स और गुजरात जायंट्स वर्तमान में क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। पीकेएल सीज़न 10 मैचों का शेड्यूल गेम 1: हरियाणा स्टीलर्स बनाम पटना पाइरेट्स - रात 8 बजे गेम 2: तेलुगु टाइटंस बनाम जयपुर पिंक पैंथर्स - रात 9 बजे स्थानः पंचकुला.

## क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज

**ब्यूनस आयर्स, 16 फरवरी 2024।** कार्लोस अल्काराज ने अर्जेंटीना के क्वालीफायर कैमिलो उगो काराबेली के खिलाफ अर्जेंटीना ओपन के पहले मैच में सीधे सेटों में जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे स्पैनियार्ड ने गुरुवार रात दूसरे मैच में दो मैच प्वाइंट गंवाने के बाद 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की।अल्काराज का अगला मुकाबला क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी से होगा जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त इटली के लास्लो जेरे को 6-4, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।अल्काराज ने मैच के बाद एटीपी टूर के हवाले से कहा, यह वास्तव में एक कठिन मैच रहा है। मैच में उसे हराना वास्तव में कठिन था। मैं सच बताऊं तो उसके प्रति फैंस का समर्थन देखकर मैं घबरा गया था। पिछले सीजन में बार्सिलोना और एटीपी मास्टर्स 1000 में घरेलू खिताब बरकरार रखने के बाद स्पेनिश शीर्ष वरीय अपने करियर में तीसरी बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।इससे पहले एटीपी 250 में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैमरून नोरी को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। अपनी चौथी शीर्ष 20 जीत और 2022 के बाद पहली अर्जित करके, घरेलू पसंदीदा अपने 12 वें टूर-स्तरीय क्वार्टरफाइनल में आगे बढ़ गया।कोरिया का अगला मुकाबला अपने ही देश के सेबेस्टियन बाएज़ से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त कॉर्डोबा चैंपियन लुसियानो डार्डेरी को 6-4, 7-5 से हराया, जिससे इतालवी खिलाड़ी की छह मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया।





## हांगकांग को हराकर भारतीय महिला टीम ने एतिहासिक पदक सुनिश्चित किया

**नई दिल्ली, 16 फरवरी 2024।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया।

अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए सिंधू ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की। इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर 21-12, 21-13 की आसान जीत से भारत की जीत सुनिश्चित की और टीम के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का किया। टीम के साथ मौजूद पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने शाह आलम से पीटीआई को बताया, ''यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''थोड़ा ड्रिफ्ट था इसलिए शुरू में शटल को नियंत्रित करना मुश्किल था क्योंकि शटल बाहर जा रही थी। ड्रिफ्ट के कारण एक छोर से मुश्किल होने के कारण सिंधू को थोड़ा जूझना पड़ा लेकिन यह एक अच्छा परिणाम है, हम सेमीफाइनल में हैं।''

दुनिया की 77वें नंबर की खिलाड़ी लो के खिलाफ सिंधू ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में 11-1 की बढ़त बनाई। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधू और लो के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और दोनों खिलाड़ी 10-10 पर बराबरी पर थीं। हांगकांग की खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई लेकिन खेल दोबारा शुरू होने पर लगातार चार अंक के साथ बढ़त 15-10 कर दी। सिंधू को शटल को नियंत्रित करने में परेशानी हो रही थी और उन्होंने कई शॉट नेट पर और बाहर मारे। लो ने भी इस बीच कुछ अच्छे स्मैश लगाए और दूसरा गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में सिंधू अच्छी लय में नजर आई। उन्होंने 5-1 की बढ़त बनाई और फिर ब्रेक तक 11-7 से आगे रहीं। सिंधू ने अपने विविधता से भरे शॉट से 17-8 की बढ़त बनाई। लो के नेट पर शॉट मारने से सिंधू को नौ मैच प्वाइंट मिले। लो ने एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन फिर शॉट बाहर मारकर मैच सिंधू की झोली में डाल दिया।

## रणबीर कपूर का खुलासा, मुकेश अंबानी ने दी थी यह सलाह



बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर को गुरुवार रात मुंबई में एक कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, और अपने स्वीकृति भाषण के दौरान, उन्होंने जीवन के एक मूल्यवान सबक का खुलासा किया जो उन्हें किसी और ने नहीं बल्कि उनके उद्यमी मुकेश अंबानी ने सिखाया है। मुकेश भाई रणबीर ने साझा किया कि उनके जीवन में केवल तीन सरल नियम और लक्ष्य हैं जिनका वह पालन करते हैं। मेरा पहला लक्ष्य विनम्रता के साथ सार्थक काम करना है। मैंने मुकेश भाई से बहुत प्रेरणा ली, जिन्होंने मुझसे हमेशा कहा था, अपना सिर नीचे रखो और काम करते रहो। सफलता को अपने सिर पर और असफलता को अपने सिर पर मत लो दिल उन्होंने साझा किया।उन्होंने आगे कहा कि उनका दूसरा लक्ष्य जीवन में एक अच्छा बेटा बनना है, चाहे वह पिता, पति या दोस्त की भूमिका में हो।रणबीर ने साझा किया, तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण, मैं एक अच्छा नागरिक बनना चाहता हूं। मुझे मुंबईकर होने पर बहुत गर्व है और ऐसे पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। अंबानी, जो कार्यक्रम के सम्मानित अतिथियों में से एक थे,रणबीर के लिए ताली बजाते और जयकार करते देखा गया क्योंकि अभिनेता ने उनका पुरस्कार स्वीकार किया। वर्ष 2023 रणबीर के लिए एक घटनापूर्ण वर्ष था, जिन्होंने पहली बार तू झूठी मैं मक्कार में अभिनय किया, जो फरवरी में रिलीज़ हुई, उसके बाद उनकी साल के अंत में ब्लॉकबस्टर, एनिमल आई।

## एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास सशक्त है-एमी जैक्सन



वह अपनी अगली फिल्म क्रैक में एक जिद्दी पुलिसकर्मी के किरदार के साथ बुरे लोगों पर प्रहार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एमी जैक्सन ने कहा कि एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है क्योंकि उन्हें सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा गया है। एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास सशक्त है। एमी ने आईएएनएस को बताया, अभिनेत्रियों को अब केवल ग्लैमर तक सीमित रहने के बजाय मजबूत, प्रभावशाली भूमिकाएं निभाते देखना प्रेरणादायक है।2010 में तमिल फिल्म मद्रासपट्टिनम से अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने जब कहा कि महिलाएं पर्दे पर पुरुष अभिनेताओं के बराबर प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं तो उन्होंने कोई शब्द नहीं कहे। उन्होंने कहा, सभी उम्र की महिलाएं स्क्रीन पर प्रतिनिधित्व महसूस करना चाहती हैं और एक अभिनेत्री को भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं, न कि सिर्फ आकर्षक दिखने की, जो सिनेमा में समानता के लिए महत्वपूर्ण है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म में एमी 5अपने सह-कलाकारों विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल और नोरा फतेही के साथ घातक स्टंट करती नजर आएंगी।जोखिम को देखते हुए एक अभिनेता के लिए किसी भूमिका में कितना निवेश करना बहुत अधिक है? एक भूमिका में चरम खेल और स्टंट के नाजुक संतुलन को नेविगेट करना सर्वोपरि है। सुरक्षा को प्राथमिकता देना और सीमाओं का स्पष्ट संचार करना गैर-परक्राम्य है। हालाँकि, विद्युत जामावल जैसे अनुभवी पेशेवर के साथ सहयोग करना पूरे अनुभव को बेहतर बनाता है। साहसी एक्शन कोरियोग्राफी को अंजाम देने में उनकी अद्वितीय विशेषज्ञता न केवल निर्देशक और कहानी में विश्वास पैदा करती है, बल्कि अभिनेताओं को अपने स्टंट खुद अपनाने के लिए भी सशक्त बनाती है। एमी के लिए विद्युत के साथ काम करना एक सुरक्षित अनुभव था।उन्होंने निष्कर्ष निकाला, ऐसे उस्ताद के साथ काम करना न केवल सुरक्षित लगता है बल्कि मुझे एक अभूतपूर्व कोरियोग्राफर के मार्गदर्शन में रोमांच में डुबो देता है।

## स्वैग व स्टाइल से भरपूर बड़े मियां छोटे मियां, टाइटल ट्रैक 19 को होगा रिलीज



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक 19 फरवरी को रिलीज होगा और अभिनेताओं ने एक पोस्टर में स्वैग और स्टाइल से भरी इसकी एक झलक साझा की है। अक्षय और टाइगर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर साझा किया, जिसमें दोनों स्टाइल में चलते नजर आ रहे हैं। पोस्टर गाने का एक सीन लगता है, जो जल्द रिलीज होने वाला है। इस ट्रैक को पार्टी सॉन्ग फॉर द सीजन कहा जाता है। एक्शन हीरो ने पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, बड़े का स्वैग, छोटे का स्टाइल... 3 दिन बाकी हैं! बड़े मियां छोट मियां टाइटल ट्रैक 19 फरवरी को रिलीज होगा। बने रहें! टाइगर और अक्षय अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित एक्शन-थ्रिलर बड़े मियां छोटे मियां में स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स के बैनर तले जफर, जैकी भगनानी, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख और हिमांशु किशन मेहरा द्वारा किया गया है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ. और रोनित बोस रॉय हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई, स्कॉटलैंड, लंदन, ल्यूटन, अबू धाबी और जॉर्डन में की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी जल्द करेंगे छत्तीसगढ़ में बने पहले आईआईटी का लोकार्पण



**दुर्ग,16 फरवरी 2024 (ए)।** अब छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों के आईआईटी स्टूडेंट्स का इन्तजार ख़त्म हो गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ में बने पहले आईआईटी का शुभारंभ होने वाला है। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने वाला है। इसके लिए तारीख भी फाइनल हो गई है। इस संबंध में मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के सचिव ने पत्र भी भेज दिया है। पत्र के मुताबिक 20 फरवरी को पीएम मोदी आईआईटीका वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण समारोह में सीएम विष्णु देव साय आईआईटी परिसर में मौजूद रहेंगे।

### वित्त विभाग के आदेश पर सरकारी खरीदी पर लगी रोक

**रायपुर,16 फरवरी 2024(ए)।** राज्य में एक मार्च से 5001 रूपए से लेकर लाखों, करोड़ों रूपए की सभी सरकारी खरीदी नहीं हो सकेगी। वित्त विभाग ने 29 फरवरी से सभी खरीदियों पर रोक लगा दी है । यह परंपरागत सालाना रोक है ताकि वित्त वर्ष के इन अंतिम दिनों में जल्दबाजी में बजट खर्च करने की प्रवृति पर हतोत्साहित किया जा सके।

### सरकार से वार्ता करने तैयार हुए नक्सली



**रायपुर,16 फरवरी 2024 (ए)।** प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों का आतंक जारी है। हालांकि बीजेपी की सत्ता आने के बाद नक्सली बौखलाए हुए हैं। आए दिन आगजनी और जवानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में हैं। वहीं इसके रोकथाम के लिए लगातार शासन प्रशासन काम कर रहा है। इसी कड़ी में कुछ ही दिन पहले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से वार्ता के लिए बात रखी थी। जिसके बाद नक्सलियों का जवाब सामने आया है। नक्सलियों ने वार्ता के प्रस्ताव को बेईमानी दमन व धोखा बताया है। नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी ने खुले तौर पर वार्ता के लिए हामी भरी है।

# 14380 करोड़ रूपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित

» सभी नगरीय निकाय में लगेगी अटल की प्रतिमा
» घर-घर शुद्ध जल पहुंचाने का काम होगा तेज





**रायपुर,16 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज उप मुख्यमंत्री अरूण साव के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 14,380 करोड़ 52 लाख 32 हजार रूपए की अनुदान मांगे सर्वसम्मति से पारित की गईं। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिए 2,677 करोड़ 50 लाख 85 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय निकाय के लिए 44 करोड़ 04 लाख 60 हजार रूपए, लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल के लिए 3,471 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए, न्याय प्रशासन एवं निर्वाचन के लिए 925 करोड़ 61 लाख 57 हजार रूपए, लोक निर्माण कार्य-भवन के लिए 1,844 करोड़ 41 लाख 91 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन एवं नगरीय विकास-नगरीय कल्याण के लिए 2,096 करोड़ 69 लाख 52 हजार रूपए, लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजना के लिए 575 करोड़ 62 लाख 32 हजार रूपए और नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता हेतु 2,745 करोड़ 23 लाख 94 हजार रूपए शामिल है। अनुदान मांगों की चर्चा में 23 सदस्यों ने भाग लिया और बजट प्रावधान की प्रशंसा की व सुझाव दिए। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने अनुदान मांगों की चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के यादों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल चौक बनाने की घोषणा की। उन्होंने सदस्यों की मांग एवं सुझावों को भी गंभीरता लेने की बात कही।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने विभागों की अनुदान मांगों की चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री की गारंटी का मतलब है कि गारंटी पर भी गारंटी है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी जी की इन गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में भी मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने का प्रावधान रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि जल है तो कल है जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए हमारी सरकार घर-घर 55 लीटर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम कर रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज एवं रेट्रोफिटिंग की कुल 29 हजार 181 योजनाएं के लिए 22,442 हजार करोड़ 12 लाख 21 हजार रूपए की स्वीकृति की गई है। अब तक 38 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को अधिक नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। योजना के माध्यम से 49 लाख 99 हजार ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट में ग्रामीण जल योजनाओं के लिए 6 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं नाबार्ड पोषित सौर आधारित ग्रामीण जल प्रदाय योजना के लिए 4 करोड़ 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष जल जीवन मिशन के अंतर्गत 29 लाख 7 हजार घरेलू नल कनेक्शन का प्रावधान किया गया है। इसके लिए राज्यांश के रूप में 4 हजार 500 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से 15 समूह जल प्रदाय योजनाओं से 365 ग्रामों के ग्रामीण परिवार लाभान्वित हो रहे हैं, इसके लिए बजट में 15 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नगरीय योजनाओं हेतु 36 करोड़ 39 लाख अनुदान एवं 26 करोड़ 50 लाख रूपए का ऋण का प्रावधान किया गया है। साथ ही मेकाहारा अस्पताल में आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भी प्रावधान रखा गया है।

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अनुदान मांगों के भाषण में कहा कि हमारी सरकार सभी नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6,044 करोड़ 7 लाख रूपए का प्रावधान राज्य की नगरीय निकायों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए किया है। इस राशि में प्रमुख रूप से राज्य के नगरीय निकायों को चुंगी क्षतिपूर्ति खत्म करने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में 1215 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। श्री साव ने कहा कि नगरीय निकायों के बुनियादी सुविधाओं एवं अन्य अधोसंरचना विकास हेतु 700 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। शहरी आवासहीन, गरीब परिवार एवं अल्प आय वर्ग परिवारों को पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। सबके लिए आवास मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 01 हजार 01 करोड़ 57 लाख रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। अमृत मिशन-दो एवं पेयजल आवर्धन योजनाएं के लिए 795 करोड़ 67 लाख रूपए का प्रावधान रखा गया है। स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत रायपुर एवं बिलासपुर के विकास के लिए 404 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। स्वच्छ भारत मिशन के लिए 411 करोड़ 12 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर लाईब्रेरी सह रीडिंग निर्माण के लिए प्रदेश के 22 नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त सेंट्रल लाईब्रेरी का निर्माण किया जाएगा, इसके लिए 148 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। हमारी सरकार ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और ई-गर्वेनेंस योजना के लिए भी विशेष बजट प्रावधान रखा है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शहरी क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को उनके चौखट पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक के तहत लाखों मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसके लिए 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### लोक निर्माण विभाग

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग की अनुदान मांगों की चर्चा में कहा कि प्रदेश की सड़कों पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है ,जिसके कारण महत्वपूर्ण सड़कों की चौड़ाई बढ़ाना, विद्यमान मार्गों का सुदृढ़ीकरण करना एवं जीर्ण-शीर्ण व संकीर्ण पुलों की चौड़ाई बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए यातायात घनत्व को देखते हुए शहरों के बाहर रिंग रोड़ बनाने, शहर में यातायात सुगम करने हेतु फ्लाई ओवर, रेल्वे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में लोक निर्माण विभाग का कुल बजट 8016 करोड़ 84 लाख 34 हजार रूपए प्रावधानित है। जिसमें नये कार्यों के लिए 1275 करोड़ 52 लाख 89 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। सड़कों की मरम्मत के लिए 396 करोड़ 98 लाख 96 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने चर्चा के जवाब में बताया कि हमारी सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आवागमन सुविधा को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। इसी कड़ी में सड़कों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ में इंडियन रोड कांग्रेस का सम्मेलन कराने का निर्णय लिया है, इसके लिए 4 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान रखा गया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति उप योजना अंतर्गत नये कार्यों के लिए 64 करोड़ 19 लाख रूपए तथा अनुसूचित जाति क्षेत्र के विकास कार्य के लिए भी प्रावधान किया गया है।

### विधि और विधायी कार्य

उप मुख्यमंत्री अरूण साव विधि और विधायी कार्य पर चर्चा में कहा कि राज्य में न्याय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए के भी विशेष प्रयास किए जा रहे है। न्यायालयों की व्यवस्था, स्थापना एवं अन्य कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1228 करोड़ 54 लाख 5 हजार रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। न्यायालयों की स्थापना के लिए सपोर्टिंग स्टाफ सहित कुल 360 पदों के सृजन हेतु 20 करोड़ 92 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। सत्र न्यायालय बीजापुर की स्थापना के लिए 44 पदों के सृजन के लिए 01 करोड़ 45 लाख रूपए, उच्च न्यायालय बिलासपुर में 220 विभिन्न पदों के सृजन हेतु 15 करोड़ 21 लाख 63 हजार रूपए, ई-कोर्ट मिशन प्रोजेक्ट क्रियान्वयन के लिए 26 करोड़ 64 लाख रूपए, फास्ट ट्रेक कोर्ट मुंगेली में नवीन पदों के सृजन, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक कार्यालय में 50 पदों के सृजन, परिवार न्यायालय कटघोरा की स्थापना में 19 पदों के सृजन और विधि विधायी कार्य विभाग की स्थापना में 19 पदों के सृजन करने के लिए बजट में भी राशि का प्रावधान किया गया है। राज्य न्यायिक अकादमी के लिए 50 लाख रूपए, राज्य अधिवक्ता संस्थान (लॉयर्स अकादमी) के लिए 10 लाख रूपए, अधोसंरचना विकास हेतु 53 करोड़ 30 लाख, न्यायालयों में कम्प्यूटरीकरण के लिए 18 करोड़ 27 लाख रूपए, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के लिए 6 करोड़ रूपए तथा हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 01 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

## सदन में भाजपा विधायक किरण देव ने उठाया मेला-मड़ई का मुद्दा



### मंत्री बृजमोहन ने किया बड़ा ऐलान

आज शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र का 10 वां दिन था। इस दौरान भाजपा विधायक किरण देव ने बस्तर के मेला-मड़ई को सरकार पैसे देने का मामला उठाया। उन्होंने पूछा- बस्तर में कितने मेला- मड़ई का आयोजन किया जाता है। भाजपा की पिछली सरकार में ही मेला-मड़ई के लिए राशि देने की व्यवस्था की गई थी।

### अब बस्तर दशहरा के लिए दी जाएगी 50 लाख की राशि : बृजमोहन अग्रवाल

किरण देव ने कहा कि, चित्रकोट महोत्सव, रामाराम महोत्सव और दशहरा महोत्सव के लिए राशि उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन जो पैसे मिल रहे हैं वह अपर्याप्त हैं। मंत्री जी क्या ज्यादा पैसे देने की कोई व्यवस्था करेंगे। इस पर धार्मिक मामलों के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जवाब देते हुए कहा कि, बस्तर का दशहरा पूरे विश्व में अनूठा है। इस मेले के लिए 35 लाख रुपये दिए जा रहे थे। उन्होंने इसके लिए



बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि, आने वाले समय में बस्तर दशहरा के लिए 50 लाख की राशि दी जाएगी। रामाराम महोत्सव और चित्रकोट महोत्सव के लिए भी 15 लाख दिए जाने की घोषणा बृजमोहन अग्रवाल ने की। वहीं गोंचा पर्व के लिए भी 3 के स्थान पर 5 लाख दिए जाने का ऐलान उन्होंने किया।

## छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में शामिल करने का मुद्दा सदन में गूंजा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ी में जिनके पास एमए की डिग्री है, क्या उनके लिए भर्ती होगी? इस पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जिन्होंने छत्तीसगढ़ी में एमए की डिग्री ली है, उन्हें भी भर्ती में शामिल किया जाएगा। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नरकाल के दौरान छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में शामिल करने का मुद्दा गूंजा. कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सवाल किया कि कब तक पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी शामिल होगी. इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजभाषा छत्तीसगढ़ी को स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है. शिक्षा सत्र 2020- 21 में प्राथमिक स्तर की पाठ्य पुस्तक में



द्विभाषिक रूप से शामिल किया गया है. कक्षा 3 से 5 तक हिंदी भाषा की पाठ पुस्तकों में छत्तीसगढ़ी भाषा की 25त्न पाठ सामग्री शामिल की गई है.मंत्री ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक की हिंदी भाषा की पाठ पुस्तकों में छत्तीसगढ़ी भाषा की 30त्न पाठ सामग्री शामिल की गई है. इसी तरह कक्षा 9 से 10 तक की हिंदी भाषा की पाठ पुस्तकों में भी छत्तीसगढ़ी भाषा की 15त्न पाठ्य सामग्री शामिल की गई है. छत्तीसगढ़ी के साथ गोंडी, हलबी, सरगुजिया में पढ़ाई का प्रयास करेंगे. इसके साथ उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी के साथ गोंडी, हलबी, सरगुजिया में भी पढ़ाई का प्रयास करेंगे. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने से पहले जरूरी है।

## शिक्षकों के प्रमोशन के मुद्दे पर गरमाया सदन

### स्पीकर की सहमति से 19 को स्थगित रहेगी विधानसभा की कार्यवाही

छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्रवाई रविवार 18 फरवरी के बाद अगले दिन यानी 19 फरवरी सोमवार को भी पूरे दिन के लिए स्थगित रहेगी। भाजपा के सदस्य व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा से आग्रह किया कि 17 और 18 फरवरी को दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा हैं जिसमें प्रदेश के मंत्री और विधायक शामिल होंगे। लिहाजा 19 फरवरी को सदन की कार्यवाही स्थगित की जाएँ। स्पीकर ने बृजमोहन अग्रवाल के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के आज दसवें दिन शिक्षकों की भर्ती और शिक्षकों की समस्याओं से जुड़ा मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक रिकेश सेन की जगह विधायक अनुज शर्मा ने पूछा कि प्रदेश में शिक्षकों का प्रमोशन और नए शिक्षकों की भर्ती प्रकिया कब तक पूरी कर ली जाएगी?



अनुज शर्मा के इस सवाल पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आसंदी के साथ सदस्य को भरोसा दिलाया कि उनके विभाग की तरफ से 6 महीने के भीतर ही शिक्षकों की भर्ती और प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि जल्द से जल्द कार्रवाई हो, ताकि स्कूलों में शिक्षकों की समस्या खत्म हो जाए।'

प्रश्नकाल में कांग्रेस की हर्षिता स्वामी बघेल ने भी पूछा कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा अधिकारियों को कितनी राशि प्राप्त हुई और किन-किन मदों में खर्च किया गया? उन्होंने दावाकिय़ा कि कई स्थानों पर खर्च किए गए सामग्रियों में गड़बडिय़ां हुई है। महिला विधायक ने अनियमितताओं की जांच करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि स्कूलों में चंदा करके स्मार्ट टीवी खरीदा गया है और उसे मद में जोड़ दिया गया हैं। उन्होंने इसकी विधानसभा की कमेटी से जांच कराए जाने की मांग की।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर ठोका एक लाख का जुर्माना

» दहेज प्रताड़ना का है मामला
» बिना नोटिस दिए पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**बिलासपुर,16 फरवरी 2024 (ए)।** चार साल पुराने दहेज़ प्रताड़ना के मामले में छत्तीसगढ़ में पहली बार धारा 41 ए का पालन नहीं करने पर हाईकोर्ट ने राज्य शासन पर 1 लाख का जुर्माना लगाया है। भिलाई के युवक दीपक त्रिपाठी की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। अपने आदेश में चीफ जस्टिस ने राज्य शासन को फटकार भी लगाई है कि प्रदेश के हर थाने में 7 साल से कम की सजा वाले मामलों में धारा 41ए के नोटिस का पालन किया जाए। ध्यान रहें कि 41ए में बताया गया है कि गिरफ्तारी से पहले आरोपी को नोटिस भेजकर जवाब मांगना जरूरी है।

### चार साल पुराना मामला

याचिका के मुताबिक चार साल पहले दुर्ग महिला थाना प्रभारी और महिला थाना की में एसआई ने एक युवती के आवेदन पर झूठा दहेज का मामला दर्ज कर लिया था। जिसकी वजह से उसे दो महीने से अधिक का समय जेल में बिताने पड़े थे। याचिकाकर्ता ने बताया कि मामले में रिपोर्ट करवाते समय युवती ने अपने बयान में यह कहा था कि उसकी और दीपक की शादी की जानकारी घर में किसी को नहीं है और न ही वह अपने ससुराल कभी गई है। बावजूद इसके युवक पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। याचिकाकर्ता दीपक की ओर से कहा गया कि बयान के बाद महिला थाना प्रभारी ने युवती से कोरे कागज पर हस्ताक्षर ले लिए और उसके बाद दहेज का मामला बनाकर अपराध दर्ज कर लिया। इसके बाद उन्हें 41ए का नोटिस दिए बिना गिरफ्तार भी कर लिया गया।



### पुलिस की लापरवाही से जेल में बिताने पड़े 77 दिन


याचिका में कहा गया कि पुलिस की लापरवाही के कारण पूरा मामला हुआ है। याचिका में बताया गया कि 28 जनवरी 2020 को एक शिकायत के आधार पर उसी दिन धारा 498 के दहेज़ प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया गया। अगले दिन 29 जनवरी 2020 को याचिकाकर्ता को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इसके बाद लॉकडाउन लग गया और याचिकाकर्ता को 77 दिन जेल में बिताना पड़ा। लेकिन हाईकोर्ट से मामले में जमानत मिलने के बाद तत्कालीन एसपी और आईजी से मामले की जांच करने आवेदन दिया गया। जिसकी जांच में महिला थाना प्रभारी और एसआई द्वारा दर्ज रिपोर्ट में 41ए के नोटिस का कोई उल्लेख नहीं था। पुलिस कर्मियों की गलती सामने आने के बाद भी पुलिस अधीक्षक ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका लगाई जिसके चार साल बाद अब फैसला आया है। इस फैसले में चीफ जस्टिस ने राज्य शासन को 1 लाख रुपए का हर्जाना आवेदक को देने का आदेश दिया है।

### क्या है धारा 41 ए का नोटिस

अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ उन धाराओं के तहत शिकायत दर्ज है जिसमें सात साल से कम की सजा का प्रावधान है तो गिरफ्तार करने से पहले पुलिस द्वारा उस व्यक्ति को नोटिस भेजना अनिवार्य है, जिसके बारे में धारा 41ए में बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि इन मामलों में पुलिस बिना सूचना दिए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। अगर पुलिस किसी को नोटिस भेजती है तो नोटिस जिस व्यक्ति के नाम निकाला गया है उसकी भी यह जिम्मेदारी है कि वह निर्देशों का पालन करे और तय समय पर पुलिस के सामने हाजिर हो । हालांकि अगर पुलिस को लगा कि गिरफ्तारी जरूरी है तो वह गिरफ्तार भी कर सकती है लेकिन इसके लिए भी पुलिस को लिखित में गिरफ्तारी के लिए वजह बतानी होगी।

## महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का करीबी इवेंट मैनेजर नीतीश दीवान गिरफ्तार

» कोर्ट में किया गया पेश,
» 24 फरवरी तक ईडी की रिमांड में




**रायपुर,16 फरवरी 2024(ए)।** महादेव बुक केस में कोर कमेटी में शामिल नीतीश दीवान को प्रवर्तन निदेशायल (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। ईडी के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि नीतीश को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 24 फरवरी तक ईडी की रिमांड में भेजा गया है। यहां ईडी पूछताछ करेगी और केस से जुड़े लोगों की पतासाजी करेगी। इससे पहले नीतीश दीवान को दिल्ली एयरपोर्ट से पिछले साल 6 नवंबर को पकड़ा गया था, लेकिन ईडी ने पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। नीतीश दीवान वही शख्स है जिसने आइफा अवार्ड में फिल्म इंडस्ट्रीज के बड़ी हस्तियों को अवार्ड दिए थे। नीतीश और उसका भाई महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के बहुत ही करीबी हैं। सौरभ चंद्राकर के कोर कमेटी के मेंबर हैं। दोनों भाई दीवान पैनल भी ऑपरेट करते हैं। बता दें कि इस केस में फंसे कारोबारी अनिल दम्मानी एक दिन पहले ही जेल से बाहर आए हैं। हाईकोर्ट से मेडिकल ग्राउंड पर उन्हें 8 हफ्तों की अंतरिम जमानत मिली थी।जानकारी के अनुसार भिलाई के वैशाली नगर रहने वाला नीतीश दीवान दुबई में महादेव ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर के साथ जुड़ गया था। जानकारी के मुताबिक नीतीश महादेव ऐप की अर्निंग का लेखाजोखा देखने लगा। इसके बाद सौरभ चंद्राकर ने उसे अपने काले कारोबार के कोर कमेटी का मेंबर बना दिया। इस तरह वह महादेव ऐप सट्टा का मुख्य किरदार बन गया। इसके बाद सौरभ चंद्राकर के भाई गितेश चंद्राकर के साथ फिल्म में पैसा लगाने लगे। ईडी ने महादेव बुक पर जब मनी लॉन्ड्रिंग की कार्रवाई शुरू की तो नीतीश का नाम सामने आया। ईडी ने भिलाई में इसकी जांच की तो पता चला कि नीतीश भी सौरभ चंद्राकर के खास लोगों में से है।



## एनसीबी ने की बड़ी कार्रवाई,करोड़ों का गांजा पकड़ाया

**बेमेतरा ,16 फरवरी 2024 (ए)।** बेमेतरा जिले में अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया गया है। मध्यप्रदेश के इंदौर की एनसीबी की टीम ने 6 क्विंटल 28 किलो गांजे के साथ 5 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। मामला बेमेतरा सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि गुरुवार शाम को उन्हें सूचना मिली थी कि बेमेतरा-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के कठिया गांव के राजपूत ढाबे के पास दो संदिग्ध गाड़ियों में गांजे की बड़ी खेप की सप्लाई हो रही थी। जिसे मध्यप्रदेश के इंदौर शहर की एनसीबी की टीम ने पकड़ा है। सूचना मिलने पर बेमेतरा सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पकड़े गए दोनों वाहनों से कुल 6 क्विंटल 28 किलो अवैध गांजा जब्त किया गया है। बरामद किए गए गांजे की अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपए से अधिक है। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गांजे की सप्लाई ओडिशा से मध्यप्रदेश की जा रही थी, जिसके बारे में इंदौर के नारकोटिक्स विभाग को पता चला। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर मध्यप्रदेश पहुंचने से पहले ही दोनों वाहनों को बेमेतरा में पकड़ लिया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)